


डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :19 | अंक : 30 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 26 अगस्त से 01 सितम्बर 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

## विकसित भारत में सभी के लिए सरल, सुलभ और सुगम न्याय की गारंटी बेहद महत्वपूर्ण- मोदी

**- राजस्थान उच्च न्यायालय संग्रहालय का उद्घाटन**

**- राजस्थान उच्च न्यायालय के आई.टी. प्लेटफॉर्म 'त्वरित' का शुभारम्भ**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत में सभी के लिए सरल, सुलभ और सुगम न्याय की गारंटी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने रविवार को जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालय न्याय की सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय संग्रहालय का उद्घाटन एवं डिजिटल इंडिया से प्रेरित आई.टी. प्लेटफॉर्म 'त्वरित' का शुभारम्भ किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय का अस्तित्व भारत की एकता के इतिहास से जुड़ा हुआ है। 500 से अधिक रियासतों को एक साथ लाने में सरदार वल्लभ भाई पटेल के अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान की विभिन्न रियासतों के उच्च न्यायालयों को एकीकृत करके राजस्थान उच्च न्यायालय अस्तित्व में लाया गया। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता भारत की न्यायिक प्रणाली की आधारशिला है और इसे मजबूत करने से राष्ट्र और इसकी व्यवस्थाएं और मजबूत होंगी।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय** का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसका नाम उन 9 उच्च न्यायालयों में गर्व के साथ लिया जाता है, जिन्होंने देश में आपातकाल के दौरान भी न्याय के सिद्धांतों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जब आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकारों का हनन हो रहा था, तब इस न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया कि व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती दे सके। यह निर्णय इस बात का प्रमाण है कि न्यायालय ने हमेशा 'कानून का शासन' का सम्मान किया है और उसकी रक्षा के लिए खड़ा रहा है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका बेहतर काम कर रही हैं। इसी का परिणाम है कि ढेरों मामले आपसी समझाइश से सुलझे हैं और लोगों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से निजात मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्षों पुराने कानूनों को खत्म करने, नये कानूनों से प्रक्रिया को आसान बनाने और नियमों के सरलीकरण जैसे काम किए हैं। सरलीकरण के तहत जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2023 के 42 केंद्रीय कानूनों में से 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त करके व्यापार करने में आसानी लाने के लिए बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से अधिकारियों को कानून संबंधी विषयों में विशेषज्ञता हासिल करने का मौका मिल रहा है। राजस्थान में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आईगोट डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 5



लाख 30 हजार से अधिक कार्मिक पंजीकृत हैं और 2 लाख 35 हजार से अधिक कार्मिकों द्वारा पाठ्यक्रम पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में नामान्तरण को ऑनलाइन और पेपरलेस करने का काम किया गया है। साथ ही सहखातेदारों की कृषि भूमि के आपसी सहमति से विभाजन की संपूर्ण प्रक्रिया को भी ऑनलाइन किया गया है।

शर्मा ने कहा कि 75 वर्षों में राजस्थान उच्च न्यायालय ने अनगिनत महत्वपूर्ण फैसलों के माध्यम से देश और राज्य की न्यायिक प्रक्रिया को समृद्ध किया है। यह न्यायालय हमारे संविधान के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का सच्चा प्रहरी बना हुआ है।

केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आधुनिक गणराज्य के रूप में भारत की नींव हमारा गौरवशाली संविधान है, जिसकी आधारशिला ही न्याय है।

इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मंत्रिमंडल के सदस्यों सहित वरिष्ठ न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता, विधि छात्र एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस, बिना किसी कानूनी कार्यवाही के 10 करोड़ लागत का आलीशान मकान बुलडोजर ने ढहाया

**-मकान एक मुसलमान हाजी शहजाद कब बताया जा रहा है ।**

**-देश में ऐसा ही चलता रहा तो अदालत और पुलिस की जरूरत ही समाप्त हो जाएगी ।**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में मुसलमानों द्वारा निकाले जा रहे धार्मिक जुलूस के दौरान पुलिस से झड़प हो गई। बाद में हजारों की मुस्लिम भीड़ में शामिल लोगों पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस की नजर में आरोपियों की थाने में बड़ी बेरहमी से पिटाई तो की गई साथ में बाजारों में उनका जुलूस निकाला गया। जुलूस निकालने के एक आरोपी हाजी शहजाद के मकान को जिला कलेक्टर छत्रपुर के आदेश पर बुलडोजर से दहा दिया गया।

हाजी शहजाद का यह महलनुमा मकान करीब 10 करोड़ की कीमत का होना बताया जा रहा है। हाजी शहजाद जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी है। हाजी शहजाद के मकान को ढहाने का वीडियो देश-विदेश में वायरल हो रहा है, साथ में राजनीति भी गर्मा रही है।



विपक्षी नेता बुलडोजर नीति की आलोचना कर रहे हैं।

बिना नोटिस बिना कानून मुसलमान पर कार्यवाही का होना क्या संकेत माना जाए। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, असम एवं अब मध्य प्रदेश में गैर कानूनी कार्यवाही होने लगी है। अदालतों के निर्णय का इंतजार भी नहीं किया जा रहा है। थानों में एफआईआर बाद में होती है कार्यवाही पहले होती है। न्यायपालिका का महत्व कम किया जा रहा है। जब सरकार को एक तरफा कार्यवाही करनी है तो फिर अदालतों को समाप्त क्यों नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट वैसे ऐसी एक तरफ घटनाओं पर स्वत: संज्ञान ले सकता है लेकिन ले नहीं रहा है। भाजपा सरकारों की एक तरफा कार्यवाही देश के 25 करोड़ मुसलमान को डराने की कार्यवाही है।

## प्रदेश अध्यक्ष बने मिर्जा ज़फ़र बेग

**ऑल इण्डिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड में नियुक्ति**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के संस्थापक एवं



राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीस अहमद कुरैशी के निर्देशानुसार मिर्जा ज़फ़र बेग को प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान पद पर नियुक्त किया जाता है!

ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड नामूसे रिसालत पर पहरा देने के साथ-साथ देश समाज और कौम की अनेकों प्रकार से लगातार सेवाएं कर रहा है। यह सरकार से रेजिस्टर्ड संस्था है। बोर्ड के अनेको उद्देश्य हैं।जगह जगह बोर्ड की शाखाएं खोलने और सदस्य नियुक्त करना का भी बोर्ड का एक मुख्य उद्देश्य है।

## राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम की बैठक

**-शासन सचिव राजन विशाल ने अल्पसंख्यकों के लिए सुलभ-सरल ऋण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए**

**एम खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए प्रक्रिया सुलभ बनाने पर जोर




दिया जाना चाहिए। ये कहना है निगम प्रशासक आरएमएफडीसी एवं शासन सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग, राजन विशाल का। उन्होंने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर के सभागार में सम्पन्न हुई निगम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक के दौरान अधिकारियों से फीडबैक लिया। ऋण योजनाओं का किया जाए सरलीकरण- राजन विशाल

बैठक के दौरान श्री राजन विशाल ने निगम की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए निगम द्वारा ऋण योजनाओं का प्रभावी संचालन किए जाने वाले नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने निगम में ऑनलाइन प्रणाली लागू करने, आरएसएलडीसी से एमओयू किए जाने, ऋण प्रक्रिया का सरलीकरण किए जाने जैसे उपायों पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। काम का फीडबैक, सुझावों पर चर्चा बैठक में निगम के वर्ष 2021-22 और 2022-23 के अंकेक्षित लेखों, ऑडिट रिपोर्ट तथा अनुपालना रिपोर्ट पर विचार पर अनुमोदन किया गया। बैठक में निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाए जाने हेतु ऑनलाइन ऋण प्रणाली लागू किए जाने, ऋण विकेन्द्रीकरण व्यवस्था लागू करने एवं ऋणों की वसूली हेतु प्रोत्साहन योजना लागू किए जाने समेत अन्य सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में निगम के प्रबंध निदेशक भंवरलाल मेहरड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### शासन सचिव विशाल राजन को अच्छा अधिकारी बताया जाता है लेकिन.......

अल्पसंख्यक मामलात विभाग एवं वक्फ विभाग के शासन सचिव आई ए सए राजन विशाल को अच्छा एवं मेहनती अधिकारी बताया जाता है । राजन ज्यादातर बैठकों में व्यस्त रहते हैं और उनसे मिलना आसान नहीं है । वक्फ बोर्ड भी उन्हीं की मॉनिटरिंग में आता है । वक्फ सीईओ और वहां कुछ कर्मचारियों ने वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार के नए मापदंड बना दिए, हवाई जहाजों से वक्फ के कामों से यात्रा कर रहे हैं । वक्फ प्रॉपर्टी से जो आमदनी बोर्ड को होनी चाहिए, वह आमदनी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं दलालों की जेबों में जा रही है । अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग के शासन सचिव विशाल राजन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है और ना ही किसी को पदों से हटाया गया है । फिर भी विभाग के कर्मचारी एवं अन्य लोग शासन सचिव राजन को अच्छा अधिकारी बता रहे हैं ।

### वर्ष 2023-24 में किसी को ऋण नहीं दिया

राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम बनाने का उद्देश्य है कि बेरोजगार अल्पसंख्यकों को व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाना । राजस्थान सरकार के अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम ने करीब 14-15 वर्ष में अब तक मात्र 25-30 करोड़ के ऋण बांटे होंगे । इनमें कुछ ऋण शिक्षा के लिए दिए गए हैं । लेकिन इस विभाग में भ्रष्टाचार के बड़े मापदंड बना दिए गए हैं, बिना कमीशन के शायद ही किसी अल्पसंखयक को ऋण मिला हो । बड़ी संख्या में ऋणी लोगों की फाइलों और ऋण के पेटे लिए चैकों को गायब कर दिया गया । 50 से एक लाख रुपए का ऋण लेने वालों के विभाग ने अपने आप चैक लगाना बंद कर दिया । विभाग में अल्पसंख्यक विरोधी अधिकारी एवं कर्मचारियों की संख्या ज्यादा होने के कारण वर्ष 2023-24 में एक भी ऋण नहीं बांटा गया । अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग के शासन सचिव राजन विशाल अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम में पारदर्शिता लाना चाहते हैं जबकि विभाग अब मृत पड़ा है । ऋण किसी को मिल रहे नहीं हैं ।

## केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के लिए जारी की वित्तीय स्वीकृति

**-प्रदेश में ई-बस सेवाओं का शीघ्र होगा संचालन - भजनलाल शर्मा**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के अन्तर्गत विद्दत आधारभूत संरचना विकास (बिहाइंड द मीटर) के लिए प्रदेश के 8 शहरों हेतु 100 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता के रूप में 35.84 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के सिविल डिपो आधारभूत संरचना विकास के लिए 7 शहरों हेतु 34.47 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर प्रथम किश्त के रूप में 8.62 करोड रुपये की राशि जारी की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप पीएम ई-बस सेवा के तहत प्रदेश में ई-बसों का संचालन शीघ्र शुरू हो सकेगा। ई-बस सेवा के माध्यम से प्रदेश में शहरी परिवहन दक्षता में वृद्धि होने के साथ ही पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा का भी विस्तार होगा।

उल्लेखनीय है कि विद्दत आधारभूत संरचना विकास (बिहाइंड द मीटर) के लिए डिस्कॉम से करवाये जाने वाले डिपोजिट वर्क हेतु 100 प्रतिशत राशि तथा शेष कार्य हेतु स्वीकृत राशि की 25 प्रतिशत राशि प्रथम किश्त के रूप में जारी की गयी है।. वहीं सिविल डिपो आधारभूत संरचना विकास के लिए केन्द्र सरकार के 60 प्रतिशत हिस्से की प्रथम किश्त के रूप में कुल स्वीकृति की 25 प्रतिशत राशि जारी की गयी है।

प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के अन्तर्गत अजमेर शहर के नोसर घाटी डिपो, अलवर के खसरा नं. 1931 टॉल प्लाजा के पास डिपो, बीकानेर के नाल रोड, शराह नथानियां डिपो, भीलवाड़ा के मोहनलाल सुखाडिया नगर योजना, टंकी के बालाजी डिपो, जोधपुर के झालामण्ड डिपो, कोटा के सुभाष नगर डिपो, उदयपुर के ढोल की पाटी डिपो के लिए विद्दत आधारभूत संरचना विकास एवं सिविल डिपो आधारभूत संरचना विकास के लिए यह स्वीकृति मिली है। साथ ही, जयपुर शहर के टोडी एवं बगराना डिपो के विद्दत आधारभूत संरचना विकास के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सरकार तुरंत संविधान विरोधी वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को वापस ले – आई एम सी आर

नई दिल्ली। इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स (आईएमसीआर) के तत्वावधान में यहां ग़ालिब इंस्टिट्यूट में 24 अगस्त को आयोजित प्रतिनिधि बैठक में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, और शैक्षिक हस्तियों ने संयुक्त रूप से भारत सरकार से संविधान विरोधी वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को तुरंत वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस विधेयक को वापस नहीं लिया गया, तो हमें इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, और इस दौरान जो कुछ भी होगा, उसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी। देश की 22 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने न केवल अपने विचार व्यक्त किए, बल्कि प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रस्ताव का समर्थन भी किया। इस प्रतिनिधि बैठक में आम आदमी पार्टी के सांसद और जेपीसी सदस्य संजय सिंह, समाजवादी पार्टी के सांसद और जेपीसी सदस्य मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी, कांग्रेस सांसद और जेपीसी सदस्य नसीर हुसैन, कांग्रेस सांसद हमदुल्लाह सईद, समाजवादी पार्टी सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क, पूर्व केंद्रीय मंत्री के। रहमान खान, जेडीयू एमएलसी डॉ। खालिद अनवर, पूर्व न्यायाधीश जस्टिस इकबाल अंसारी, आईएमसीआर के अध्यक्ष और पूर्व सांसद मोहम्मद अदीब, पूर्व सांसद मोहम्मद सलीम अंसारी, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ज़ेड। के। फैज़ान के अलावा कई अन्य प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का संचालन आईएमसीआर के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. आजम बेग ने किया। इस अवसर पर आईएमसीआर की ओर से निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया:

1. यह बैठक केंद्रीय सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को सरकार की दुर्भावना और खतरनाक इरादों का प्रतीक मानते हुए इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक समझती है। वक्फ अधिनियम में किए जाने वाले प्रस्तावित संशोधनों को भारतीय संविधान से प्राप्त धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, और 26 के उल्लंघन के रूप में मानते हुए इस विधेयक को पूरी तरह से खारिज करती है और भारत सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग करती है।

2. यह बैठक महसूस करती है कि प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक 2024 मुस्लिम धार्मिक हस्तियों और विद्वानों से किसी भी प्रकार की सलाह और परामर्श के बिना और मुसलमानों को विश्वास में लिए बिना किए गए संशोधनों की आड़ में मुसलमानों को उनके महान विरासत से वंचित कर देने का प्रयास है। यह विधेयक देशभर में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है और इससे नए-नए विवादों के दरवाजे भी खुल सकते हैं। मस्जिदों, मकबरों, इमारतों, इमामबारों और जमीनों की कानूनी, धार्मिक और धार्मिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचने का खतरा है। इसलिए यह बैठक इस विधेयक को वक्फ संपत्तियों को नष्ट करने और उन पर कब्जा करने की खुली साजिश करार देती है।

3. यह बैठक वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार-विमर्श करने, विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, और धार्मिक हस्तियों से संपर्क करने, और सरकार और संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों से चर्चा करने के लिए एक समिति के गठन का भी समर्थन करती है, और इसके लिए सर्वसम्मति से पूर्व राज्यसभा उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री, के रहमान खान के नाम का प्रस्ताव करती है।

4. यह बैठक भारत सरकार को भारतीय संविधान की रोशनी में चेतावनी देती है कि यदि इस विवादास्पद विधेयक, जिसके बारे में लगभग सभी मुस्लिम संगठनों ने अविश्वास व्यक्त किया है, को समय पर वापस नहीं लिया जाता है, तो हम सभी मुस्लिम संगठनों, विद्वानों, राजनीतिक दलों और समान विचारधारा वाले गैर-मुस्लिम हस्तियों के साथ संपर्क करके इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन चलाने के लिए मजबूर होंगे, और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार






की होगी। 5. यह बैठक महसूस करती है कि हम अपने देश के सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थानों और जिम्मेदारों के साथ-साथ इंडिया एलायंस की सहयोगी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों और एनडीए की पार्टियों के प्रमुख नेताओं, सिखों, दलितों, जैनियों, बौद्धों, और ईसाइयों से भी संपर्क करेंगे और उन्हें साथ लेकर जल्द ही दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित करेंगे।"

# जिला पत्रकार विकास समिति की कार्यकारिणी घोषित

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला पत्रकार विकास समिति पंजीकृत सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज (बंसी) ने सर्वसम्मति से अपनी जिला कार्यकारणी की विधिवत घोषणा कर दी। समिति के नव नियुक्त मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त 2024 को शहर राजबाग स्थित बद्री जी की बगीची पर वरिष्ठ पत्रकार एवं IFWJ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की उपस्थिति में जिला पत्रकार विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं संगठन की गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने सभी वरिष्ठ पत्रकार साथियों से चर्चा के बाद अपनी कार्यकारणी की घोषणा की, अध्यक्ष द्वारा घोषित कार्यकारणी में वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा व लक्ष्मी कुमार शर्मा को समिति का संरक्षक बनाया। जबकि मार्गदर्शन मंडल में वरिष्ठ पत्रकार राजमल जैन,बजरंग सिंह राजावत,सुनील जोशी,दिलीप पाटीदार,सत्यनारायण नावरिया को शामिल किया।मीडिया प्रभारी नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यकारणी में अरविंद चौहान,गिर्राज शर्मा, व सुरेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष जबकि राजेश गोयल को महामंत्री नियुक्त किया। मंत्री पद पर सुनील शर्मा,निर्मल सैन व सतीश वर्मा तथा सह मंत्री के रूप में अभिमन्यु सिंह,नईम अख्तर व संजय मित्तल शामिल किया।इसी तरह दिलीप शर्मा को कार्यालय मंत्री अभिनव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष व नरेंद्र शर्मा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारणी में हरकचंद जैन,अमर इंडिया के राजेश शर्मा, विद्त जैन, रॉयल पत्रिका से शादाब अली, हेमेंद्र शर्मा, राजेंद्र जोलिया, सत्यनारायण जैन,हनुमान जैन,मुकेश जैन,पवन



मेहता को कार्यकारणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। जबकि श्रीकांत शर्मा,आशीष मित्तल ,राशिद खान,रणवीर सैनी,अजीम कुरैशी,यशवंत जोशी,असफाक अहमद,इरफान खान, को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया। नव गठित कार्यकारणी को बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने माल्यार्पण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने संगठन के सभी साथियों से पत्रकार विकास समिति अध्यक्ष को हर संभव सहयोग करते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, इस बात को ध्यान के रखते हुए संगठित रहकर पत्रकारों के हित में काम करने के अनुरोध किया।

इसके बाद जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने विश्वास दिलाया कि वह हमेशा सभी पत्रकारों को साथ लेकर चलेंगे। पत्रकार हित में काम करते हुए ईमानदारी से पद की गरिमा बनाए रखेंगे।

# आलीसर स्थित ढाणी श्याम कुंज के परिसर में दो दिवसीय भजन व जलाभिषेक का आयोजन हुआ

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत आलीसर स्थित ढाणी श्याम कुंज के परिसर में दो दिवसीय भजन व जलाभिषेक का कार्यक्रम आयोजन हुआ । इससे पूर्व में रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। भजन संध्या में गायक कलाकार ओम प्रकाश शर्मा ने इस कार्यक्रम का गणेश वंदना से शुरू किया। गायक कलाकार ओम प्रकाश शर्मा भजनों की प्रस्तुतियां देखकर श्रद्धालुओं को वह भक्तों को झुमने में मजबूर कर दिया । यह कार्यक्रम पंडिताचार्य महेश शास्त्री व सेवानिवृत्ति शिक्षक पंडित गजानंद शास्त्री के सानिध्य में ढाणी श्याम कुंज में श्री श्याम बाबा व शिव परिवार फूल बंगलो झांकी सजाकर आरती उतारी हुई , इसके बाद सामूहिक रूप में शिव स्त्रोत का पाठ भी किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन प्रगतिशील किसान नरेंद्र कुमार यादव, दिल्ली पुलिस रमेश कुमार खातोदिया , दुर्गेश यादव , मुकेश कुमार यादव , कमलेश कुमार के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान आलीसर सरपंच प्रभु नारायणयादव , पूर्व सरपंच बाबूलाल जडंवाल, सान्दरसंर सरपंच पति अशोक कुमार यादव , रामस्वरूप डागर , मालीराम गंगासागर , पूर्व वार्ड पंच सत्यनारायण मीणा , डॉ रामेश्वर दयाल यादव , एडवोकेट जितेंद्र यादव , महेश कुमार खातोदिया , जय नारायण , भगवान सहाय यादव , मुरलीधर जडंवाल , तेजकरण यादव , कालूराम करीरा जनप्रतिनिधि एवं भक्त जनों उपस्थित होकर भोलेनाथ का गाय के दूध से अभिषेक किया तथा सामूहिक रूप से शिव स्त्रोत का एक दिवसीय पाठ भी किया गया । इस कार्यक्रम में पंडित आचार्य महेश शास्त्री ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने पर पुण्य की जड़ सदा हरी रहती है। इस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी प्राप्त की।



# मण्डां - भिण्डा रीको एरिया में चलते समय अचानक गाड़ी में लगी आग

## -गाड़ी ड्राइवर व उनके साथी ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती क्षेत्र मंडा - भिण्डा एरिया में सोमवार रात को चलती कार में आग लग गई। कार में बैठे पिता पुत्र ने चलती कार से कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मंडा रिको पर गत रात को चलती कार से अचानक आग लग गई। बढ़ती आग को देखकर कार में बैठे सवारी ने अपनी सुझ-बुझ से कार से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगो ने आग पर काबू पाने के काफी प्रयास किए लेकिन आग का रूख इतना तेज था कि कार पुरी तरह जलकर राख हो गई। रिको एरिया की दमकल को सूचना दी। दमकल के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कार सवार राकेश ने बताया कि कार में शॉर्ट-सर्किट होने से आग लग गई । कार में बैठे राकेश जाट ने बताया कि सोमवार रात को मंडा -भिण्डा की ओर जा रहे थे। अचानक से कुछ जलने की बदबू आई तो रोक कर देखा तो इंजन में आग लगी हुए थी तो गाड़ी में बैठे दोनो ने कूद कर जान बचाई।सूचना पर मंडा - भिण्डा एरिया चौकी प्रभारी मोहन लाल चौधरी मय जाब्ता सहित मौके पर पहुंचे।



# अंतर्राष्ट्रीय पोरवाल वैश्य महासम्मेलन के विनोद जैन जिला अध्यक्ष नियुक्त

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय पोरवाल वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष पद पर विनोद जैन को नियुक्त किया है जिसका कार्यकाल सत्र 2024 से 2028 तक रहेगा। जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने जिला कार्य समिति का गठन किया है जिसमें जिला प्रभारी-महावीर जैन आलनपुर, उपाध्यक्ष-सुरेश जैन एम। पी। कॉलोनी, डॉ। तीव्र जैन हा•बो•, महावीर प्रसाद जैन राजनगर, रमेशचंद जैन कटला, सचिव अनिल जैन कोर्ट वाले, कोषाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश जैन आदर्शनगर, सह कोषाध्यक्ष प्रेमचंद जैन मीना कॉलोनी, संगठन सचिव मनोज जैन रामड़ी वाले, धीरज जैन बजरिया, मनोज जैन बुक डिपो, सत्यप्रकाश जैन आटुण वाले, प्रचार प्रभारी राकेश जैन मण्डी रोड, प्रचार सचिव संजय जैन हा•बो•, कार्य समिति सदस्य रमेश चंद जैन हा• बो•,धीरज जैन प्रेम मंदिर कॉलोनी, हनुमान जैन कलेक्ट्रेट, महेंद्र कुमार जैन हा•बो•,पारस जैन शहर, महावीर प्रसाद जैन कटला, कमलेश जैन आदर्श नगर को नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि यह समिति सामाजिक, धार्मिक कार्य करते हुए समाज में एकजुटता, आपसी भाईचारा व एक दूसरे की मदद के लिए अग्रणी रहकर कार्य करेगी।



## (ग़ज़ल)-2024

मज़ाक मेरी तन्हाई का बनाते चले गए
एक बार गम आए और आते चले गए
बेइरादा सताया था उसने जो एक दिन
मैं हंसता रहा वो सितम बढ़ाते चले गए
सबब उनकी उदासी का मैंने जो पूंछ लिया
रोए, खामोश हुए, फिर मुस्कुराते चले गए
रोकता मैं कैसे तेरी यादों की रवानी को
तेरे ख़्याल मेरा दर्दे-दिल बढ़ाते चले गए
नुमाइश-ए-नाज़ शायद आदत थी उनकी
खुद को खुद देख अदा से इतराते चले गए
मुद्दई बन कर जो आए अदालत-ए-इश्क़ में
बेजुर्म ही तोहमत-ए-वफा लगाते चले गए,
चार बूंद खैरात पर ही ज़ब्त-ए-ज़र्फ़ ना रहा
हक दरिया पे अज़ीज़ अपना जताते चले गए



**अब्दुल अज़ीज**
मो. 9414595998
झालावाड़ (राज.)

## ग़ज़ल

मेरी निगाह में अश्कों का इक समन्दर है
तू जानता है क्या तू कब से मेरे अन्दर है
किसी को उसकी ज़रा भी ख़बर नहीं होती
बस आईने को ख़बर है वो कितना सुन्दर है
ज़माना कहता है वो चाहने वाला बन्दर है
मगर मैं जानता हूं शख़्स वो धुरंधर है
वो सादा- लोह तो पोशीदा है ज़माने से
अहले इल्म की नज़रों में जो कलन्दर है
मेरे सफ़र में शहर कौन कौन से गुज़रे
कोई होता जो बताता के ये जलन्धर है
मेरी इबादतों का हश्र मैं जानता ही नहीं
मैं जानता नहीं मसीद क्या औरक्या मन्दर है

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**Mobile No.9828668877**

# नो बैग-डे के अवसर पर नशामुक्ति जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देशानुसार जिले के समस्त विद्यालयों में शनिवार को नो बैग-डे के अवसर पर नशामुक्ति के प्रति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु शनिवार को "नो बैग डे" के अवसर पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर नशामुक्ति के प्रति विद्यार्थियों व अभिभावकों में जागरूकता उत्पन करने हेतु इससे संबंधित मोटिवेशनल लघु वीडियो फिल्म दिखाई गई। साथ ही नशे की लत से होने वाले नुकसान के विषय में उपयोगी जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की गई तथा इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित नशामुक्ति के प्रति जागरूकता कार्यशाला में जिले के करीब 57 हजार विद्यार्थियों, एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों तथा विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया की नो बैग डे के अवसर पर प्रत्येक शनिवार को राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर उपयोगी लघु वीडियो फिल्म दिखाकर विद्यार्थियों व अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में समग्र शिक्षा जिला कार्यालय द्वारा जिले के समस्त संस्था प्रधानों को प्रत्येक शनिवार को नो बैग डे के अवसर पर जिला कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अलग अलग विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है।



# राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप बजट घोषणाओं के कार्य जल्द करवाये जायें - जिला कलक्टर

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं/प्रोजेक्ट्स एवं बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशानुसार बजट घोषणाओं की क्रियान्विति जल्द से जल्द पूर्ण की जाये। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर माननीय जिला प्रभारी मंत्री एवं जिला प्रभारी सचिव द्वारा प्रदत्त निर्देशों की जल्द पालना सुनिश्चित की जाए। बजट घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जल्द कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवंटित लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। जिला कलक्टर ने नवीन मेडिकल कॉलेज ठींगला, बीएससी नर्सिंग कॉलेज सवाई माधोपुर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एमडीआर-182 में डिडायच-देवली के बीच बनास नदी पर हाई लेवल ब्रीज का निर्माण सहित लटिया नाले पर 2 लेन एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए पी.डी. राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण कार्यों लि0 सवाई माधोपुर के अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बजट घोषणा 2024-25 में 132 के.वी. जीएसएस शिवाड़/बहरावण्ड़ा खुर्द के लिए विवादरहित व उपयुक्त भूमि के चयन उपरांत अविलम्ब कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्त विभाग हरीश चन्द मंगल को प्रदान किए। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के संबंधित अधिकारी ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि 16 प्रोजेक्ट्स में से 11 प्रोजेक्ट करीब 3 करोड़ से अधिक राशि के है जिनमें से 10 प्रोजेक्ट प्रगतिरत है। उन्होंने सहायक निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह से पूर्व बजट घोषणा के दौरान आलनपुर स्थित चमत्कार जैन मंदिर सवाई माधोपुर में किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त कर शेष रहे कार्यों का अवलोकन कर दिसम्बर, 2024 तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने 5 वर्षों में कितने प्रोजेक्ट आए इसकी जानकारी भी सहायक निदेशक पर्यटन से ली।



# इटावा - भोपजी में जाट समाज की बैठक आयोजित

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत इटावा - भोपजी स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में जाट समाज के लोगों की बैठक का आयोजन हुआ । यह जाट समाज समिति इटावा भोपजी की द्वितीय बैठक थी । इस बैठक में जाट समाज के सभी प्रबंधजन, बुद्धिजीवी व्यक्तियों की उपस्थिति में जाट समाज में फैली कुरीतियां को मिटाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम एवं डीजे पाबंदियों के लिए विचार सर्व समिति से प्रस्ताव लिया गया तथा समाज में प्रतिभावान बालक बालिकाओं को एवं प्रशासनिक सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । इस कार्यक्रम के दौरान आगामी मीटिंग में जाट समाज की कार्यकारिणी बनाने पर विचार भी किया । यह जानकारी जाट समाज के युवा नेता सांवरमल चौधरी ने दी । इस कार्यक्रम में जाट समाज के कई लोग उपस्थित रहे ।

# 17 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2024 में आजमाया भाग्य

## - राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जयपुर शहर के 32 केन्द्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार, 25 अगस्त 2024 को सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा-2024 ( कृषि विभाग) का आयोजन हुआ। भर्ती परीक्षा का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक जयपुर शहर के 32 केन्द्रों पर हुआ। जिसमें कुल 8 हजार 848 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) श्रीमती सुमन पंवार ने बताया कि जयपुर शहर के केन्द्रों पर 17.46 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने अपनी मेहनत एवं किस्मत को आजमाया। जयपुर में कुल पंजीकृत 8 हजार 848 अभ्यर्थियों में से 1 हजार 545 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। वहीं, 7 हजार 303 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया है।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

-संपादक

Scan Here

# मुस्लिम स्कूल एम डी रोड में ड्रेस वितरण कार्यक्रम आयोजित

**-कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को वितरित की गई स्कूल ड्रेस**

**-स्कूल में करीब 500 बच्चे शिक्षा हासिल कर रहे हैं**





जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अंजुमन तालिमुल मुस्लिमीन, मुस्लिम स्कूल, एम डी रोड में 22 अगस्त बरोज जुमेरात को स्कूल ड्रेस वितरण का आयोजन किया गया । मुस्लिम स्कूल के छात्र-छात्राओं को यह स्कूल ड्रेस मुफ्त में दी गई यानि स्कूल मैनेजमेंट ने ड्रेस का कोई चार्ज नहीं किया । स्कूल ड्रेस पाकर मुस्लिम स्कूल के छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी देखी गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशनपोल विधायक अमीन कागजी पहुंचे । ड्रेस वितरण प्रोग्राम में छात्र-छात्राओं के अभिभावक, शहर के मोअज्जिज लोग एवं स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य और शिक्षक गण उपस्थित थे। अंजुमन तालिमुल मुस्लिमीन कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट असगर अली नकवी ने कहा कि ड्रेस वितरण का मुख्य उद्देश्य स्कूल के बच्चों में एकरूपता लाना, डिसिप्लिन बनाए रखना एवं बच्चों की पढ़ाई की गतिविधियों को बढ़ावा देना है । उन्होंने बताया की यूनिफॉर्म तैयार करने में करीब एक महीने का समय लगा है । स्कूल में करीब 500 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, सभी को ड्रेस दी गई है।

कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों को एक जोड़ी प्रत्येक को ड्रेस उपलब्ध करवाई गई । अध्यक्ष एडवोकेट असगर अली नकवी ने बताया कि नवनिर्वाचित स्कूल के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य अच्छा काम कर रहे हैं । यही कारण है कि मुस्लिम स्कूल के विकास में तेजी देखी जा रही है। नकवी का कहना है कि यदि इसी तरह सभी का सहयोग मिलता रहा तो मुस्लिम स्कूल जल्दी ही कामयाबी की नई इबादत कायम करेगा । अध्यक्ष नकवी ने मुस्लिम समाज के लोगों से मुस्लिम गर्ल्स कॉलेज में अपनी बच्चियों का एडमिशन करवाने की अपील की । ड्रेस वितरण प्रोग्राम में कमेटी के सचिव शब्बीर खान कारपेट, सेवानिवृत एडिशनल एसपी इरशाद, उपाध्यक्ष इलियास कुरैशी, सदस्य शब्बीर मक्का, इलियास पठान, सदस्य मुबारक हुसैन, पार्षद अफजल, पार्षद नसरीन, सदस्य अलीम पटेल, रहीमुल्ला आदि मौजूद थे ।

# पिंकफेस्ट आर्ट वोग द्वारा आयोजित जयपुर ध्रुपद डागर घराना सत्र में शाबाना डागर ने स्वाति अवस्थी के साथ बातचीत की।

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सत्र के दौरान, वक्ता श्रीमती शाबाना डागर ने विस्तार से डागर परिवार का इतिहास, संरक्षण के दौरान उनके सामने आई चुनौतियाँ, डागर परंपरा कैसे राजस्थान में पहुँची के बारे मे बताया।




इस सत्र में श्रीमती शबाना डागर ने ध्रुपद संगीत की अमूल्य धरोहर और डागर घराने की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों और संगीत के प्रति उनके योगदान के बारे में भी बात की। सत्र का आयोजन पिंकफेस्ट आर्ट वोग द्वारा किया गया था, जो कला, संस्कृति और संगीत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इस्लाम खान अब्बासी महासचिव नियुक्त



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ऑल इण्डिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के निर्देशानुसार एव एआईएमआईएम राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जमील खान की सहमति से 19 अगस्त को घोषित प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी में इस्लाम खान अब्बासी को महासचिव नियुक्त किया गया है।

इस मौके पर इस्लाम खान अब्बासी ने एआईएमआईएम के हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि वह पहले से भी अधिक समर्पण और मेहनत से पार्टी को मजबूत करने का तहे दिल से काम करेंगे। साथ ही आगामी निकाय चुनाव में पार्टी उनकी जिस भी क्षेत्र में ड्यूटी लगाएगी वे उसे तनदेही से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम हमेशा ही जनहित के कार्यों को करने में आगे रही है और यह चलता रहेगा। पार्टी के आदेश के अनुसार हर कार्य किया जाएगा। सभी लोगों को साथ लेकर चलेंगे। इसके साथ ही जनसमस्याओं का प्रमुखता से निवारण करने के प्रयास होंगे।

# यूनानी उपचार जनता द्वार शिविर आयोजित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। रेक्स रेमेडीज लिमीटेड के सौजन्य से ऑल इण्डिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस राजस्थान स्टेट द्वारा राजस्थान यूनानी मेडिकल के सम्बद्ध हॉस्पिटल में 25 अगस्त 2024 को एक निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्धघाटन ऑल इण्डिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ० सैयद अहमद द्वारा किया गया। इस यूनानी चिकित्सा शिविर में खानिया बन्धा, लूनियावास, खौनागोरियान, पालडी मीणा, विजय नगर एवं घाटगेट क्षेत्रों से लगभग 400 मरीज़ों ने निशुल्क जाँच एवं दवाओं का लाभ उठाया ।

इस निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन यूनानी उपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के अंर्तगत किया गया जो अब तक का 91 वाँ शिविर था। इस यूनानी उपचार जनता के द्वारा आयोजन का मक्सद यूनानी पैथी को जन साधारण तक पहुँचाना है एवं जनता तक सस्ता इलाज पहुँचाना है।

इसके अतिरिक्त डॉ० बदरूल इस्लाम तेहरानवी (योगा विशेषज्ञ एवं डॉ० कौसर महिला




योगा विशेषज्ञ इनके द्वारा मरीज़ों को स्वास्थ से सम्बंधित एवं रोज़मर्रा दिनचर्या में रियाज़त (योगा) को शामिल कर अपना शरीर स्वस्थ रखने सम्बंधी जानकारी दी।

शिविर में राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क उपचार दिया गया। फी दवा वितरण के अतिति मरीज़ों की फी जाँच, खून व पेशब व एक्सरे, ई.सी.जी. आदि की सुविधा भी प्रदान की गई ।

इस शुभ अवसर ऑलं इण्डिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस राजस्थान के महासचिव प्रो० सैयद अब्दुल मुजीब, डॉ० परवेज़ अख्तर वारसी (सचिव, राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर) एवं हाफिज़ इमरान खान (उप-सचिव, राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर), प्रो० एम आज़म अंसारी (प्राचार्य-राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर) एवं यूनानी अधिष्ठाता डाक सर्वपल्ली राधाष्टमन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर) एवं प्रो० जिया उल इस्लाम (उप-प्राचार्य राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर) प्रो०शाहिद अली खान, प्रो० सफान साहब, प्रो० साबिर हुसैन, प्रो० मुजीबुर्रहमान, डॉ०वारिक अली, डॉ० नाज़िया एजाज रसूल, डॉ० सायमा खान, ड नाज़ मिया जैदी, डॉ० मलिक फैयाज़, प्रो० बाबू उबेद, प्रो०रउफ अमहद, डॉ० हारून, डॉ० नज़मुछिन, डॉ० जुबेर अहमद, रेक्स रेमेडीज़ के राजस्थान प्रभारी इफत खान एवं अन्य स्टाफ सहित मोव्शोयब आदि उपस्थित थे ।

# बाबूलाल बैरवा की संस्थागत हत्या हुई है - बृंदा करात



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्या कामरेड बृंदा करात और पार्टी के राज्य सचिव व सीकर से सांसद कामरेड अमराराम ने हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी के बाहर चल रहे धरने को समर्थन देने पहुंचे ।

अपने संबोधन मे कामरेड बृंदा करात ने बाबूलाल बैरवा की आत्महत्या को "संस्थागत हत्या "करार देते हुए कहा कि एक दलित को कितनी मुश्किल से सरकारी मिलती है , लेकिन बाबूलाल को नोकरी की जगह पर ही स्वयं को खत्म करना पड़ा।

उच्च जाति के भ्रष्ट अधिकारियों ने उसको अपनी जान लेने के लिए मजबूर कर दिया, इसलिए इसे आत्महत्या कहना उचित नही है, ये संस्थागत हत्या है।

का.वृंदा कारात ने राज्य सरकार से मांग की कि हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

सांसद कॉ.अमराराम ने धरने पर आकर आंदोलन का समर्थन करते हुए अभी तक आंदोलनकारियों से कोई संवाद नही करने पर राज्य की भजन लाल सरकार को आड़े हाथों लिया और मांग की है कि अविलम्ब उन दोषी अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाए जिनका नाम बाबूलाल ने आत्महत्या से पहले लिखे पत्र मे स्पष्ट लिखा है।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने मांग की है कि बाबू लाल बैरवा की संस्थागत हत्या के जिम्मेदार अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के साथ-साथ बाबू लाल बैरवा के पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और उनकी पत्नी व बेटे को सरकारी नौकरी दी जाए.

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) ने आंदोलन का पूरी तरह से समर्थन करते हुये कहा कि सीपीआई(एम) का एक एक कार्यकर्ता पूरी तरह से न्याय के संघर्ष मे साथ है। धरने को राज्य सचिव मंडल सदस्य का.सुमित्रा चोपड़ा, जिला सचिव डॉ.संजय" 'माधव",भारत की जनवादी नौजवान सभा के रितांश आजाद ने सम्बोधित किया।

# समर्पण संस्था द्वारा "समर्पण समाज गौरव 2024 " अवार्ड के लिए नामांकन प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**-अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2024**

**-जयपुर में 10 नवम्बर को होगा राष्ट्रीय स्तर का भव्य अवार्ड समारोह...**




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मानवता व परोपकार के लिए समर्पित राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था (रजि.) द्वारा समाज व राष्ट्र हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से "समर्पण समाज गौरव 2024 " अवार्ड हेतु राष्ट्र स्तर पर गूगल फ़ॉर्म / पोस्ट/व्यक्तिगत रूप में नामांकन प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है।

संस्था द्वारा इसके लिए भव्य अवार्ड समारोह रविवार, 10 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक जयपुर में त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के " न्यू ऑडिटोरियम " में आयोजित किया जायेगा।

"समर्पण समाज गौरव 2024 " अवार्ड के तहत समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण , चिकित्सा,सामाजिक न्याय, साहित्य , शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिज़नेस, योग ,दान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 15 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व गत वर्षों में 422 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है ।निवेदन है कि पूर्व में संस्था द्वारा सम्मानित हो चुके व्यक्ति कृपया दुबारा नामांकन नहीं करें । संस्था द्वारा एक व्यक्ति को केवल एक बार ही सम्मानित किया जाता है ।

हमेशा की तरह संस्था द्वारा किसी भी अवार्डी से किसी भी तरह का रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं लिया जायेगा । यदि कोई अवार्डी संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों में अपना योगदान स्वेच्छा से देना चाहते है तो केवल संस्था के खाते में ही लिया जायेगा जिसकी रसीद साथ की साथ दे दी जायेगी ।

सम्पर्क सूत्र :-

आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या
संस्थापक अध्यक्ष, समर्पण संस्था
9414336431

कमल नयन खण्डेलवाल
सचिव, समर्पण संस्था
98875 04025

त्रिलोक माल्या
कार्यालय प्रबन्धक
95712 23681

# आपरेशन क्लीन स्वीप के तहत पुलिस थाना सांगानेर सदर की नशे के खिलाफ बड़ी कार्यवाही



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दिगंत आनंद, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर राज० के द्वारा के नशे के खिलाफ चलाये जा रहे आपरेशन क्लीन स्वीप के तहत प्रभावी कार्यवाही हेतू समस्त पुलिस सहायक पुलिस आयुक्त एंव थानाधिकारीगण जयपुर दक्षिण को निर्देशित किया गया था जिस पर श्रीमती पूनम चौधरी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सांगानेर सदर द्वारा पारसमल जैन अति० पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के सुपरविजन एंव निर्देशन मे प्रभावी कार्यवाही कर झारखन्ड से तस्करी कर लाने वाले अवैध मादक पदार्थ गांजा सहीत 02 अपराधी गिरफतार कर प्रभावी कार्यवाही की गई है।

दिनांक 25 अगस्त 2024 को थानाधिकारी थाना सांगानेर सदर श्रीमती पूनम चौधरी को दौराने रात्री गश्त सीतापुरा रीको एरीया मे दो लडके सदिग्ध अवस्था में अपनी पीठ पर बैग लटकाये एक पेड की आड मे खडे दिखाई दिये जिनके पास जाकर पुछा की इतनी रात को कहां से आये हो तो बताया कि हम दोनो झारखन्ड से आये है जिनके पास मिले बैग मे क्या है बाबत पुछा तो कोई सन्तोषजनक जवाब नही दिया। सन्देह होने पर दोनो के बैगो को बारी बारी से चैक किया तो दोनो के बैग में अवैध रूप से रखा हुआ 2 किलो 120 ग्राम गांजा मिला। दोनो के पास मिले अवैध गांजा के सबंध मे प्रकरण स0 675/24 धारा 8/20 एनडीपीएस अधि० मे दर्ज कर एक आरोपी गौतम कुमार को गिरफतार किया गया व एक साथी बालक को निरूद्ध किया गया है। गिरफतार आरोपी गौतम कुमार से अवैध गांजा लाने एंव बेचने के स्रोतो के बारे मे गहन अनुसंधान किया जा रहा है।

# थाना जयसिंहपुरा खोर में अवैध हथियार तस्कर राकेश डंगोरिया को किया गिरफ्तार

**-गिरफ्तार आरोपी कब्जे से 01 देशी कट्टा एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 लग्जरी कार बरामद**






जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे ऑपरेशन "आग" के तहत अति. पुलिस आयुक्त (प्रथम), कैलाश चन्द्र बिश्नोई के निर्देशन जयपुर शहर में अवैध हथियार, सक्रिय गैंग्स सदस्यों, हार्डकोर बदमाशों एवं आग्नेय शस्त्र रखने एवं लूट व डकैती की वारदात को अन्जाम देने वालों के खिलाफ में कार्यवाही करने हेतु दिगंत आनन्द, पुलिस उपायुक्त (अपराध) आयुक्तालय जयपुर एवं रणवीर सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में C.S.T. आयुक्तालय जयपुर की टीम के भवानी सिंह, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा लूट, डकैती की वारदात को अन्जाम देने वालों एवं अवैध हथियार रखने एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध आसूचना संकलन व इलाकों में निगरानी रखी जाकर प्राप्त सूचनाओं पर पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर आयुक्तालय जयपुर (उत्तर) की टीम के साथ कार्यवाही करते हुये आरोपित राकेश डंगोरिया पुत्र किशोर कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितगणों के कब्जें से अवैध हथियार 01 देशी कट्टा एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 लग्जरी कार नम्बर RJ14-UD-7197 को बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी। उक्त कार्यवाही के संबंध में पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर जिला जयपुर (उत्तर) में प्रकरण संख्या 344/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से कानि. प्रदीप कुमार एवं रमेश कुमार की अहम भूमिका रही।

आरोपित राकेश डंगोरिया मूलतः अलुदा सरकारी स्कूल के पास, नांगल राजावतान जिला दौसा का निवासी है, जो भैरु कॉलोनी, कुत्ता अस्पताल के पास जयसिंहपुरा खोर जयपुर में स्वयं के मकान में निवास करता है। आरोपित् अवैध हथियार तस्करी का काम करता है, जो हथियार लाकर जयपुर शहर में अज्ञात लोगों को प्रति हथियार 7000-8000 रुपये में बेचान करना बताया। आरोपित अवैध हथियारों की तस्करी करने में लग्जरी चौपहिया वाहन को उपयोग लेता है। आरोपितगण से अवैध हथियार रखने एवं सप्लाई करने के सम्बन्ध में पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर जयपुर उत्तर में पूछताछ जारी है।

# पत्नी के प्रेमी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति व देवर सहित तीन को उम्रकैद

**-अभियोजक मुराद बेग ने की पैरवी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भांकरोटा थाना इलाके में 9 साल पहले पत्नी से मिलने आए प्रेमी की डंडों व पत्थरों से हत्या करने और अपराध के सबूत छिपाने वाले अभियुक्त पति पूरण व उसके भाई गीतम और एक अन्य गोपाल लाल - को जयपुर मेट्रो-द्वितीय की एससी एसटी मामलों की कोर्ट ने बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। वहीं कोर्ट ने तीनों अभियुक्तों पर पृथक तौर पर 85 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट के माननीय न्यायधीश राजेन्द्र सिंह ने फैसले में कहा कि अभियोजन के साक्ष्यों से साबित है कि अभियुक्तों ने मिलकर डंडों आदि से मृतक राजेश की हत्या की है। हत्या करने का स्पष्ट उद्देश्य यह रहा है कि अभियुक्त पूरण की पत्नी राजेश के साथ फोन पर बात करती थी। मृतक के मोबाइल से भी इसकी पुष्टि हुई है कि वह पूरण की पत्नी से बातचीत करता था। इसके चलते ही उन्होंने राजेश की हत्या की है। ऐसे में उनके लिए किसी तरह की नरमी नहीं बरती जा सकती।

अभियोजन की ओर से 20 गवाहों के बयान दर्ज कराए मामले से जुड़े विशेष लोक अभियोजक मुराद बेग ने बताया कि 16 जुलाई, 2015 को प्रहलाद खर्रा अम्पताल में पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि उसके गांव का पड़ोसी सीकर निवासी राजेश कुमार वर्मा एक दिन पहले शाम को भांकरोटा जाने की कहकर घर से निकला था। लेकिन उसे सूचना मिली कि भांकरोटा में जयसिंहपुरा रोड पर राजेश की लाश मिली है। वे सूचना पर एसएमएस अस्पताल पहुंचे तो वहां राजेश की लाश देखी जिसके सिर व शरीर के अन्य जगहों पर का चोट के निशान थे। किसी ने राजेश को बुलाकर उसकी हत्या करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति व उसके भाई सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। अभियोजन की ओर से 20 गवाहों के बयान दर्ज कराए और सबूत पेश किए। अभियोजन पक्ष ने कहा कि मृतक राजेश अभियुक्त पूरण की पत्नी का प्रेमी था। वे रोजाना फोन पर बातें करते थे और वारदात वाले दिन भी पूरण की पत्नी ने ही राजेश को मिलने बुलाया था। राजेश के आने की जानकारी पूरण व अन्य अभियुक्तों को लगी तो उन्होंने उसको डंडे व पत्थरों से मारा जिससे उसकी



मौत हुई। बाद में अभियुक्त राजेश की लाश को जयसिंह पुरा से पत्रकार कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर डालकर आ गए। ऐसे में अभियुक्तों ने ही राजेश की हत्या की है। इसलिए उन्हें सख्त सजा दी जाए। कोर्ट ने अभियोजन की दलीलों से सहमत होकर अभियुक्त पति व देवर सहित तीनों अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

# एसीबी की कार्यवाही के बाद जेडीसी ने किया सात अधिकारियों/कर्मचारियों को निलंबित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की ओर से तुरंत प्रभाव से कार्यवाही करते हुए जेडीए के जोन 9 में एसीबी की कार्यवाही के पश्चात् जोन में पदस्थापित अधिकारी/कर्मचारियों को निलंबित किया।

निलंबित किए गए अधिकारि कर्मचारी निम्नानुसार है-

गुलाब चंद, उपायुक्त जेडीए सेवा, लक्ष्मी कांत गुप्ता, नायब तहसीलदार प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग राजस्व मंडल), राम शर्मा, पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर), खेमराम मीणा, कनिष्ठ अभियंता नगरीय विकास विभाग, रविकांत शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर), श्रीमती रूक्मणी कुमारी , भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर), श्रीमती विमला मीणा पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर), निलंबन काल के दौरान निलंबित किए गए अधिकारी/कर्मचारी अपने पैतृक विभाग में उपस्थिती देंगे।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### मुस्लिम कानून लागू करने से बलात्कार की घटनाएं रुक जायेंगी ?

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और मर्डर का मामला पूरे देश में चिंता का विषय बना हुआ है । विरोध में देश भर के रेजीडेंट डॉक्टर्स ने कई दिनों तक हड़ताल रखी । कोलकाता की ट्रेनी डॉक्टर के साथ घटना के बाद उत्तराखंड में एक नर्स के साथ दुष्कर्म की घटना हुई । महाराष्ट्र में दो स्कूल की बच्चियों के साथ स्कूल के टीचर ने ही सेक्सुअल हरेसमेंट किया । दिल्ली का निर्भया कांड सभी को याद है । गुजरात में 2002 के दंगों में मुस्लिम युवती के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ । भाजपा सरकार ने उन्हीं बलात्कारियों को महिमा मंडित किया गया । यह तो महिलाओं और बच्चियों के साथ वह घटनाएं हैं जो मीडिया के जरिए देश के लोगों की जानकारी में आई । देश में रोजाना दुष्कर्म, सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही हैं जो मीडिया और समाज दोनों की नजरों में नहीं आ पाती हैं और कानून और पुलिस से आरोपी बचे रहते हैं । आश्चर्यजनक रूप से बलात्कार और दुष्कर्म की घटनाओं में दिनों दिन वृद्धि हो रही है । दोषियों पर कानून और पुलिस की सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद हो जाते हैं । बलात्कार और दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देने वाले ज्यादातर सत्ताधारी नेता, उनके बेटे, रिश्तेदार बड़े अधिकारियों के एजेंट, नशेड़ी युवा, मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने वाले युवा आदि ज्यादा होते हैं । आश्चर्य की बात है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारें अभी तक ऐसा कानून नहीं बना पाई है जिसके कारण ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले 10 बार सोचने पर मजबूत हो जाए । यदि ऐसे कानून बने भी हैं तो उनको पूरी तरह लागू नहीं किया जाता है । ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम होने का कारण राजनीति, धर्म एवं जाति भी है । आरोपी ने कितना भी जघन्य अपराध किया हो लेकिन राजनीति, धर्म एवं जाति के आधार पर छूट मिल जाती है । गुजरात में 2002 के दंगों में मुस्लिम महिला बिलकिस बानो के साथ 16 लोगों ने दुष्कर्म किया, जिनको सुप्रीम कोर्ट से सजा हुई । गुजरात की भाजपा सरकार ने बलात्कारियों की सजा माफ भी करवाई और भाजपा नेताओं ने उनका पार्टी मंचों से स्वागत भी किया । इसका मुख्य कारण केवल यह था कि पीड़िता मुस्लिम महिला थी और अपराधी हिंदू वर्ग से थे । ऐसे ही दलित, गरीब, पिछड़े और मुस्लिम परिवारों की लड़कियों और महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार एवं दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं । लेकिन पुलिस और कानून तब ही कार्रवाई करता है, जब पीड़िता उच्च वर्ग या किसी दबंग परिवार से होती है । कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवड़ा का पौता रेवन्ना पर सैकड़ो महिलाओं के साथ दुष्कर्म का आरोप है । लेकिन भाजपा एलाइंस दल का नेता होने के कारण देश के मुख्यधारा के मीडिया की सुर्खिया नहीं बनता है । केंद्र में मोदी सरकार चाहे तो बलात्कार, दुष्कर्म और महिलाओं पर अत्याचार रोकने के सख्त कानून बना सकती है । कोई भी विपक्षी दल विरोध नहीं करने वाला है । लेकिन सख़्त कानून लाने और लागू करने के लिए ईमानदारी एवं साफ नीयत की जरूरत है, जो भाजपा के पास नहीं है । भाजपा पर मुस्लिम विरोधी होने का भले आरोप लगता हो, लेकिन उसे बलात्कार रोकने के लिए मुस्लिम कानून लागू करना चाहिए । मुस्लिम कानून लागू करने से बलात्कार और दुष्कर्म करने वाले लाखों बार सोचेंगे । जब दो-चार बलात्कारियों को जनता के सामने गर्दन काटने की सजा मिलेगी तो सबको पता चल जाएगा कि महिलाओं के साथ बलात्कार का अंजाम क्या होता है ।

# चेहलुमे इमाम हुसैन की अहमियत

चेहलुम जिसको लोग चालीसवें के और अरबाइन के भी नाम से जानते हैं। अरबाइन शब्द अरबी भाषा का है जिसका अर्थ है चालीसवां। आज अरबाइन वाक के नाम से इमाम हुसैन के चालीसवें का दिन इतना मशहूर हो चुका है कि करोड़ों की तादाद में करबला शहर इराक़ में इमाम हुसैन की क़ब्र पर मर्द औरतें , बच्चे बूढ़े इकट्ठा होते हैं जियारत करने को।चालीसवें का चलन सबसे पहले इमाम हुसैन की बहन जनाबे ज़ैनब ने शुरू किया। जब यज़ीद आतंकी ने इमाम हुसैन को क़त्ल करके उनके घर की औरतों को एक साल क़ैद में रखा, तब उसने एक साल के बाद उनको आज़ाद किया तब इमाम हुसैन के चालीसवें की तारीख थी। जनाबे ज़ैनब ने ख़्वाहिश ज़ाहिर की कि हम करबला भाई की क़ब्र पर होते हुए अपने वतन मदीना जायेंगे। जैसे ही करबला की सरहद का ऐलान हुआ जनाबे ज़ैनब ने ख़ुद को ऊंट से गिरा लिया और पैदल कहीं घुटनों के बल चलकर भाई हुसैन की क़ब्र पर आईं। बस तभी से करबला में जाने वाले ज़ायरीन शिया सुन्नी सब नजफ़ इराक़ से 80किमी और बसरा शहर से करबला 550 किमी पैदल चलकर करबला जियारत को जाते हैं, जिसको अरबाइन वाक कहते हैं। इस एक महीने में सारे लोकल इराक़ी अपनी सारी सालभर की जमा पूंजी ख़र्च कर देते हैं जायरीन को हर तरह की फ़्री ख़िदमात देकर। जैसे तरह तरह के खाने दुनिया भर की हर डिश , दुनिया भर के फल, जूस, चाकलेट, टाफ़ी, चाय, कॉफी हर चीज़ खिलाते हैं। जगह जगह पैरों को साफ़ करके मालिश करने का इन्तज़ाम, पैरों को गर्म पानी में डुबोकर मसाज करना, जिस्म को पैदल चलने वाले मर्दों की इराक़ी मर्द दबाते हैं, थकान उतारने के लिए। आपसे हर ख़िदमात के लिए खुशामद करते हैं खाने के लिए गोद में उठा लेते हैं अगर आप इन्कार करते हैं। कहीं देखी है ऐसी अक़ीदत, ऐसी मौहब्बत ऐसी ख़िदमात। और जब चेहलुम ख़त्म हो जाता है तो इराक़ी बहुत रोते हैं जाने पर।

दुनिया का सबसे लम्बा और बड़ा दस्तरख़ान बिछाया जाता है नजफ़ से करबला 80किमी और बसरा से करबला 550 किमी तक, वर्ल्ड रिकॉर्ड। और इतनी बड़ी भीड़ ना हज में, ना कुम्भ के मेले की रिकॉर्ड हुई जितनी लोगों की तादाद करबला में चालीसवें के दिन रिकॉर्ड होती है। ईसाई , पारसी, अंग्रेज़, सुन्नी शिया सभी इमाम हुसैन के चाहने वाले अरबाइन वाक का हिस्सा बनते हैं। इमाम हुसैन के पोते इमाम जाफ़र सादिक़ अलैहिस्सलाम का क़ौल है कि चालीसवें के दिन सभी मर्द और औरतें, बच्चे बूढ़े कोशिश करें ज़्यादा से ज़्यादा करबला पंहुचें, जो नहीं आ सकते वो अपने अपने शहर की करबला ज़रूर आयें। इसकी बहुत अहमियत है। लोग घरों में चालीसवें की नज़्र दिलायें शर्बत पर और खानों पर। नज़्र इमाम हुसैन साथ में बाक़ी शहीदों की भी नज़्र दिलायें। अरबाइन वाक यज़ीद मलाऊन के मानने वालों और आतंकी संगठनों के मूंह पर जनाबे ज़ैनब का ख़ामोश तमाचा है, जिन इमाम हुसैन को यज़ीद ने धोखे से करबला के जंगल में बुलाकर तन्हा शहीद करवाया ये सोचकर कि कोई पहचानेगा नहीं, जुर्म छुप जायेगा, आज उन्हीं इमाम हुसैन की जंगल में बनी क़ब्र पर करोड़ों लोग चालीसवें पर पंहुचकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं। और भारत में भी जगह जगह शिया और वो सुन्नी जो इमाम हुसैन से बेहद अक़ीदत और मौहब्बत रखते हैं, चेहलुम



पर इमाम हुसैन को याद करते हैं, करबला जाते हैं। मौहर्रम से सफ़र उर्दू महीने तक इमाम हुसैन का ग़म मनाकर ये पैग़ाम दिया जाता है कि इन्सानियत का नाम इस्लाम है, मौहब्बत और ख़ुलूस का नाम इस्लाम है। इस्लाम में आतंकवाद और आतंकी की कोई जगह नहीं, अगर होता तो आज हर मज़हब का इन्सान इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद नहीं करता, बल्कि यज़ीद को याद करता। इमाम हुसैन प्यासे रहकर भी जीत गये, और यज़ीद पानी बन्द करके भी हार गया।

**मैंमूना नरगिस, आर्ट कन्ज़रवेटर**
**जयपुर, राजस्थान**

# अल्लामा फ़ज़ले-हक़ खैराबादी अंग्रेजों के खिलाफ फतवा देने वाले क्रांतिकारी थे

अल्लामा फज़्ले हक खैराबादी (1797-1861) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के क्रान्तिकारी, तर्कशास्त्री व उर्दू अरबी, फारसी के प्रसिद्ध शायर थे। उनका जन्म 7 अप्रैल 1797 ई• में उत्तर प्रदेश राज्य के सीतापुर जिले के खैराबाद में हुआ था। शिक्षा सम्पन्न होने के पश्चात वह खैराबाद में ही अध्यापन कार्य करने लगे और फिर 1816 ई• में उन्नीस वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार में नौकरी कर ली। लेकिन एक ऐसा समय आया जब उन्होंने नौकरी नहीं करने का मन बना लिया और 1831 ई• में सरकारी नौकरी छोड़ दी। नौकरी छोड़ने के पश्चात वह दिल्ली के मुग़ल दरबार में कामकाज देखने लगे और शायरो की महफिलें से वाबस्ता होने लगे। 1857 के दौर में जब ईस्ट इंडिया कंपनी के जुल्मो की हद हो गई तो हिन्दस्तान के राजा-महाराजाओं व महारानियो तथा नवाबो व मौलवियों द्वारा अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने का प्रयास किया और ज़बरदस्त विद्रोह की योजना बनाई। जिसका नेतृत्व क्रांति के महानायक मुग़ल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वारा किया गया और अल्लामा फज़्ले हक खैराबादी ने अहम भूमिका निभाई। अल्लामा फज़्ले हक खैराबादी द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ जिहाद का फतवा देकर मुस्लिम समुदाय को अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल होने की अपील की। जिसका लाभ मुगल सम्राट बहादुर शाह ज़फर व अन्य विद्रोही नेताओं को मिला।

मौलाना द्वारा फतवा जारी करने के बाद से ही अंग्रेज़ो द्वारा उनकी तलाश शुरू हो गई। 1857 की क्रांति असफल हो जाने के बाद मौलाना बचते बचाते दिल्ली से खैराबाद तशरीफ ले आये। खैराबाद में अंग्रेजों को भनक लग गई और 30 जनवरी 1859 को उन्हें खैराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। खैराबाद से उन्हें लखनऊ सेंशन कोर्ट ले जाया गया और वहीं पर मुकदमा चलाया गया। इस मुकदमे की पैरवी उन्होंने खुद की। कोई वकील नियुक्त नहीं किया। मौलाना पर अग्रेंजों के खिलाफ जेहाद का फतवा जारी करने तथा लोगों को विद्रोह के लिए उकसाने के संगीन आरोप लगाये गये। मुकदमे की बहस के दौरान उन्होंने अपने जुर्म को कुबूल किया पर झूठ नहीं बोला और कहा- हॉ वह फतवा सही है, वह मेरा लिखा हुआ था और आज भी मैं अपने फतवे पर कायम हूं। आरोपो को कुबूल करने के पश्चात उन्हें काला पानी की सज़ा सुनाई गई और सारी जायदाद ज़ब्त करने का आदेश जारी किया गया। अंडमान निकोबार (सेलुलर जेल) में ही 20 अगस्त 1861 ई• में उनका इंतकाल हो गया।

अल्लामा साहब ने अपनी शायरी को एक नया मिजाज़ बख्शा है। उन्होंने अपने कलामो में अहसास व जज़्बात का बेहद इज़हार किया है। अल्लामा का नाम ऊर्दू , फारसी व शायरी की तारीख में सुनहरे हुरूफो मे लिखा जायेगा क्योंकि उन्होंने अपनी पूरी ज़िन्दगी ऊर्दू,फारसी भाषा के लिए खिदमते अंजाम दी। साथ ही मुल्क की आज़ादी की जद्दोजहद में ही मुल्क से वफ़ा करते हुए इस दुनिया को अलविदा कह गए।

# "इल्म" क्या है ?

इल्म ये वह अजीम वसफ है जो इंसान को ना सिर्फ शराफत तहजीब का सरमाया बख्शता है बल्कि इज्जत व अजमत की दौलत से भी नवाजता है। अखलाक व आदत में जला पैदा करता है और इंसानियत को इंतेहाई बुलंदियों पर पहुंचाता है। बल्के कल्बे इंसानी को इरफान ए इलाही की मुकद्दस रोशनी से रोशनाश करता है। जहन व फिक्र को सही अकीदे की मेराज बख्शता है और दिल ओ दिमाग को अल्लाह ताला की इबादत व अताअत गुजारी की राहे मुस्तकीम पर लगाता है।

"इस्लाम" जो इंसान के लिए तरक्की व अजमत की राह में सबसे अजीब मीनारा नूर है। वो इस अजीम वसफ को इंसानी बिरादरी के लिए जरूरी करार देता है और इसके हुसूल को दीनी व दुनियावी तरक्की व कामयाबी का जैबा बताता है। यह बात जेहन नशीन कर लेनी चाहिए के इस्लाम हर उस इल्म को कदर की निगाह से देखता है जो इस्लामी अकीदा व अमल से मजाहम हुए बगैर इंसानी




मेराज का जमीन हो। इस्लाम किसी भी इल्म के हुसूल को मना नहीं करता। लेकिन ऐसे इल्म से वह बेजारी का इजहार भी करता है जो जेहन व फिक्र को गुमराही की तरफ मोड़ दे या इंसान को अल्लाह उसके रसूल मुहम्मद सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम से ना आशना रखकर दहरीत के रास्ते पर लगा दे।

यानी इस्लाम इल्म के हुसूल को हदों में नहीं बांधता और ना ही वह इल्म के हुसूल में फर्क करता है। इंसानियत के लिए अगर किसी इल्म को हासिल करने की जरूरत है तो इस्लाम उससे नहीं रोकता।

# उबेदुल्लाह सिंधी एक स्वतंत्रता सेनानी थे

**पुण्यतिथि :- 21 अगस्त 1944**

ओबेदुल्ला सिंधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के राजनीतिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने अंग्रेजों से भारत की आजादी और भारत में एक शोषण मुक्त समाज के लिए संघर्ष किया था। 10 मार्च 1872 को सियालकोट (पंजाब) मैं एक सिख घराने में एक लड़के ने जन्म लिया। उनके जन्म से 4 महीने पहले ही उनके पिता की मौत हो गई थी। जब उन्होंने रवाना हो गए तथा वहां रूस की क्रांति ने उनके मन में इंकलाब ला दिया। रूस से तुर्की तथा तुर्की से मक्का जाकर 10 साल तक पढ़ने और पढ़ाने का काम किया। लेकिन उनके दिल में एक कसक थी वतन लौटने की पर वतन लौटना आसान नहीं था आखिर में 1936 में कांग्रेस की मदद से परमिशन मिली और वह कराची लौट आए।



होश संभाला तो मां ने उन्हें पढ़ने के लिए मामा के पास (सिंध) भेज दिया, वहां उनकी मुलाकात कई फकीरों से और सूफियों से हुई। सूफियों की तालीम उन्हें इस्लाम की ओर खींचती रही जिससे उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया तथा अपना नाम ओबेदुल्ला रखा। मौलाना ओबेदुल्ला राजा महेंद्र प्रताप की प्रवासी सरकार में होम मिनिस्टर की हैसियत से थे उन्होंने अफगान अमीर को ब्रिटिश भारत के खिलाफ युद्ध करने का प्रस्ताव दिया। मौलाना 1917 में रूस को मौलाना कभी कांग्रेस के मेंबर नहीं रहे पर हमेशा उनकी विचारधारा के आसपास रहे वतन के हालात को देखते हुए अंग्रेजों के खिलाफ गांधीजी के अहिंसा के हथियार को सही मानते थे। वह चाहते थे कि अंग्रेज भारत में ना रहे बल्कि भारत में शासन भारतीयों द्वारा किया जाए ऐसी भावनाओं को मन में रखते हुए उनका देहांत 21 अगस्त 1944 को रहीम यार खान में हुआ। ऐसे महान क्रांतिकारी को उनकी पुण्यतिथि पर खिराजे अकीदत पेश करते है।

# नमक और चीनी शरीर के लिए है खतरनाक, डॉक्टर अक्सर क्यों करते हैं मना ?

नमक और चीनी में माइक्रोप्सास्टिक मिले हैं। जिसके कारण कई सारी शारीरिक समस्याएं हो सकती है। हाल ही में हुए एक रिसर्च के मुताबिक कि हर भारतीय नमक और चीनी ब्रांड में छोटे-छोटे प्लास्टिक कण मौजूद है। जो इंसान के शरीर के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक है।

डॉक्टर इस वजह से ज्यादा चीनी और नमक खाने के लिए करते हैं मना डॉक्टरों के मुताबिक अगर आप काभी ज्यादा नमक और चीनी खाते हैं तो आपका शरीर लगातार माइक्रोप्लास्टिक के कॉन्टैक्ट में आ जाएगा। जिसके कारण आपको कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती है। इसके कारण दिल, पाचन और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। अगली बार जब आप सलाद, कॉफी, चाय या किसी भी चीज में ऊपर से चीनी और नमक खाने की बारे में सोचें तो एक चीज का जरूर ध्यान रखें कि आप माइक्रोप्लास्टिक खा रहे हैं। ज्यादा नमक खाने से आपको दिल से जुड़ी बीमारियों हो सकती है। इसलिए लाइफस्टाइल और डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि आपकी डाइट का सीधा असर आपकी हेल्थ पर पड़ता है। खानपान से जुड़ी गलतियां आपको बीमार कर सकती है। जैसे- खाने में ज्यादा नमक, शुगर और अनहेल्दी फैट्स दिल से जुड़ी बीमारी को बढ़ावा देती है। इसकी मात्रा अधिक होने से ऑवरऑल हेल्थ को नुकसान होता है।

ज्यादा नमक-चीनी से इन बीमारियों का बढ़ता है खतरा

ज्यादा नमक खाने से आपको दिल से जुड़ी बीमारियों हो सकती है। इसलिए लाइफस्टाइल और डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि आपकी डाइट का सीधा असर आपकी हेल्थ पर पड़ता है। खानपान से जुड़ी गलतियां आपको बीमार कर सकती है। जैसे- खाने में ज्यादा नमक, शुगर और अनहेल्दी फैट्स दिल से जुड़ी बीमारी को बढ़ावा देती है। इसकी मात्रा अधिक होने से ऑवरऑल हेल्थ को नुकसान होता है। नमक में सोडियम होता है। जिसके कारण अगर आप इसका खाने में ज्यादा इस्तेमाल करते हैं तो शरीर पर इसका बुरा असर पड़ता है। इसके कारण शरीर में फ्लूड रिटेंशन बढ़ने लगता है। यही वजह है कि आजकल कम उम्र में हाई बीपी और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है।





नैचुरल शुगर दिल और शरीर दोनों के लिए अच्छा होता है लेकिन आर्टिफिशियल शुगर शरीर को कई तरीके से नुकसान पहुंचाता है। शुगर का लेवल जब शरीर में बढ़ता है तो दिल और ब्लड वेसल्स पर काफी जोर पड़ता जो काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है। शुगर ज्यादा खाने के कारण हाई बीपी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है। इसके कारण डायबिटीज और मोटापा भी बढ़ सकता है।

# सोशल मीडिया का समाज पर प्रभाव कुछ तल्ख हक़ीक़त

सोशल मीडिया एक ऐसा मीडिया है जो बाकी सारी मीडिया जैसे प्रिंट मीडिया, एलेक्ट्रोनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, स्ट्रीम मीडिया से अलग है। ये नेट दुआरा उपयोग किया जाता है ।गोया की यह एक वर्चवल वर्ल्ड है। आज के दौर में यह एक दूसरे तक पहुंच बनाने में अहम भूमिका अदा कर रहा है चाहे वो फेस बुक के जरिए हो या ट्विटर ,व्हाट्सएप या इंस्टाग्राम के ज़रिए , हर कोई इसे यूज़ कर रहा है । यह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ कर एक प्लेटफार्म पर जमा कर दिया है ।

लोग इसे अपनी पब्लिसिटी के लिये या किसी उत्पाद की प्रसिद्ध करने के लिए इस का उपयोग कर रहे हैं।चाहे वह फिल्मी कलाकार हों या TV पर दिखने वाले न्यूज़ ऐंकर, हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर के खुद की पहचान बनाने में लगा हुआ है।आज के समय में तो सोशल मीडिया पर ही फ़िल्म का प्रमोशन भी हो जाता है । मतलब यह है कि सोशल मीडिया आज की अहम जरूरत है लेकिन इस मैं छुपी कुछ सकारात्मक और नकारात्मक बातें भी जिस पर प्रकाश डालना बेहद ज़रूरी है

सब से पहले हम सकारात्मक पहलु पर नज़र करते हैं तो पाते हैं कि सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत ही तीव्र गति से सूचना का आदान प्रदान हो जाता है लोगों तक सही जानकारी पहुंच जाती है ।देश में चल रहे भरस्टाचार पर लगाम कसने के लिये सोशल मीडिया का बहुत ज़ियादा उपयोग हो रहा है जिससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिल रही है । या किसी मज़लूम की आवाज़ को सरकार दबाना चाहती है तो सोशल मीडिया उस का हथियार बन कर सामने खड़ा हो जाता है ।ऐसी बहुत सी उद्धरण है जिस में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है । उद्धरण के तौर पर हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये कठुआ गैंग रेप के 3 मुख्य आरोपी को उम्र कैद और 3 को 5-5 साल कैद की सज़ा उस की ज़िंदा मिसाल है। ये सोशल मीडिया का ही नतीजा था कि एक मासूम को इनासफ़ दिलाने के लिये समूचा देश खड़ा होगया था ।इसी तरह एक अदना पत्रकार प्रशांत कनोजिया को भी सोशल मीडिया ही के माध्यम से इनासफ़ मिला कि सुप्रीम कोर्ट योगी सरकार को फटकार लगते हुए उसे रिहा करने का आदेश दिया और वह रिहा भी होगये ।

तो वहीं सोशल मिडिया का राजनीति दलों ने भी जम कर फायदा उठाया। राजनीतिक पार्टियों ने सोशल मीडिया के ज़रिये खूब प्रचार प्रसार किया जिसेसे लोगों में जागरूकता आई और वोट डालने का उमंग पैदा हुआ ।जिस के कारण हालिया लोकसभा चुनाव में वोटों की प्रतिशत में विर्द्धि हुई। इस के और भी बहुत से फायदे है लेकिन अब हम इस के नकारात्मक पहलू पर एक सरसरी निगाह डालने की कोशी करते है।

जहाँ हमें इससे लाभ मिलता है तो वहीं इस के नुकसान भी हैं। आज के समय में कुछ लोग आपितजनक खबरों को साझा कर के देश में नफरत की बीज बोने की कोशिश इस सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं। जिसे लेकर कई दफा सरकार को सख्त रुख अपनाने पर मजबूर होना पड़ता है उद्धरण के तौर पर मध्यप्रदेश की किसानों की जन सैलाब रैली में सरकार ने इंटरनेट सुविधा को स्थगित कर दिया था ताकि कोई बड़ी घटना पेश न आजाये ।इसी तरह कुछ लोग अपने फ्लावर्स में बढ़ोतरी के लिये किसी प्रसिद्ध वयक्ति के साथ वह बात जोड़ देते हैं जो उस ने अपने खाब व ख्याल में नहीं सोचा था ।लेकिन वह पोस्ट वायरल हो जाता है और आम जनता के पास गलत संदेश पहुंच जाता है । तो वही इस के ज़ियाद उपयोग से हमारी शारीरिक जीवन पर बड़ा प्रभाव पड़ता है ।जैसे आँख का खराब होना ।सेहत का डाउन हो जाना वैगेरह वैगेराह, इससे सब से बड़ा नुकसान का अंदाज़ तो इस बात से लगाया जा सकता है कि एक फेसबुक पोस्ट के चलते श्रीलंका में जो सांप्रदायिकता की आग लगी वह इतिहास के पन्ने पर खून की सियाही से लिखा जाएगा । तो अब हम कह सकते हैं कि जिस तरह सिक्के के दो रुख होते हैं। ठीक इसी सोशल मीडिया के भी दो रुख हैं। अब हमारे ऊपर है कि हम उस का किस प्रकार उपयोग करते हैं।

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7”/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3”/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5”/ Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./ Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/ 5.4”/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6”/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5”/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile- 8302114075/8209325917

• 47/6.1”/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य ।
संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8”/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4”/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/ नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5”/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2”/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6”/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed / Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/ Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5”. Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4”/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8”/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed / Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/ Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5”/बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की । संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10”/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8” M.Com and B. PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/ Siddiqui girl 28/5.4”/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2” एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2” एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता । इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4”/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive,
Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11”/ बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5” B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3” B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9”/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6” वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता । इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4” B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 ” पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3” ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5”/पोस्ट ग्रेजुएट/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8”/MBA; B. Tech (Civil Engineer)/Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

# आरबीएसई: आवेदन की तारीख बढ़ाई, अब 2 सितंबर तक जमा होंगे फॉर्म




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा आवेदन जमा कराने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। बोर्ड ने सामान्य शुल्क के साथ आवेदन करने की तारीख 24 अगस्त से बढ़ाकर 2 सिंतबर 2024 कर दी है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार बोर्ड की परीक्षा 2025 के लिए अब तक 15 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के आवेदन जमा हो चुके हैं।
सत्र 2024-25 की परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी नियमित और स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र भरने और शुल्क जमा कराने की तारीखों में बदलाव किया गया है। संशोधित शेड्यूल के मुताबिक परीक्षा आवेदन सामान्य शुल्क के साथ अब 2 सिंतबर तक जमा किए जाएंगे। बैंक में शुल्क जमा कराने और चालान मुद्रित करने की आखिरी तारीख पांच सिंतबर होगी।

# रेलवे से बीएमसी तक अलग-अलग विभागों में निकली 14 हजार से ज्यादा नौकरियां

**पावर ग्रिड में भर्ती (Power Grid Sarkari Naukri)**

पीजीसीआईएल ने अप्रेंटिस के 1027 पदों पर योग्य कैंडिडेट्स से आवेदन मांगे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आखिरी तारीख 8 सितंबर 2024 है। वहीं न्यूनतम उम्र 18 वर्ष है और अधिकतम आयु अप्रेंटिस नियमों के अनुसार है। वहीं आरक्षित श्रेणी को अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी। चयन मेरिट के आधार पर होगा, इसके लिए कोई परीक्षा नहीं होगी। पीजीसीआईएल द्वारा निकाली गई इस भर्ती के लिए 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएशन और डिप्लोमा डिग्री वाले भी अप्लाई कर सकते हैं। किन पदों के लिए कौन सी योग्यता चाहिए, इसकी अधिक जानकारी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मिलेगी, जिसका पता है powergrid.in. आवेदन करने के लिए किसी प्रकार के शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।

**रेलवे में भर्ती (Railway Sarkari Naukri)**
भारतीय रेलवे ने 4096 पदों पर बंपर भर्ती निकाली है, जिसके लिए आवेदन 16 अगस्त से लिए जा रहे हैं। वहीं आखिरी तारीख 16 सिंतबर 2024 है। रेलवे की इस भर्ती में अप्लाई करने के लिए कैंडिडेट्स को 10वीं पास होना चाहिए। साथ ही कैंडिडेट्स के पास आईटीआई सर्टिफिकेट होना चाहिए। वहीं अप्लाई करने के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष होनी चाहिए। रेलवे की इस भर्ती (Railway Bharti 2024) के लिए सैलरी पद के अनुसार है। जारी नोटिस के मुताबिक, सेलेक्शन होने पर सैलरी 21,700 रुपये से लेकर 69,100 प्रति माह के करीब हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट rrcnr.org पर जाएं।

**बीएमसी में भर्ती (BMC Sarkari Naukri)**
बीएमसी ने 1846 पदों पर भर्ती निकाली है। इस सरकारी नौकरी (Sarkari Naukri) के लिए आवेदन की शुरुआती तारीख 20 अगस्त 2024 है। वहीं आवेदन की आखिरी तारीख 9 सितंबर 2024 है। कैंडिडेट का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 38 वर्ष होनी चाहिए। सेलेक्शन लिखित परीक्षा और स्किल टेस्ट के आधार पर होगा। अधिक जानकारी के लिए portal.mcgm.gov.in पर जाएं।




# यूपीएससी में 12वीं पास के लिए भर्ती, केबिन सुरक्षा निरीक्षक के पदों पर करें आवेदन




UPSC Recruitment 2024: संघ लोक सेवा आयोग ने उप अधीक्षण पुरातत्वविद् और केबिन सुरक्षा निरीक्षक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in. के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है।

**रिक्ति विवरण**
इस भर्ती अभियान के तहत संगठन में 82 पदों को भरा जाएगा। रिक्ति विवरण निम्न प्रकार है:
उप अधीक्षण पुरातत्वविद्: 67 पद
केबिन सुरक्षा निरीक्षक: 15 पद
पात्रता मापदंड
उप अधीक्षण पुरातत्वविद्: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पुरातत्व में मास्टर डिग्री या भारतीय इतिहास में मास्टर डिग्री (प्राचीन भारतीय इतिहास या मध्यकालीन भारतीय इतिहास विषय या पेपर के रूप में) या नृविज्ञान में मास्टर डिग्री (पाषाण युग पुरातत्व विषय या पेपर के रूप में) या भूविज्ञान में मास्टर डिग्री (प्लेइस्टोसिन भूविज्ञान विषय या पेपर के रूप में) और (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का पुरातत्व में स्नातकोत्तर या उन्नत डिप्लोमा या पुरातत्व में कम से कम तीन वर्ष का क्षेत्र अनुभव।
केबिन सुरक्षा निरीक्षक: अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण होना चाहिए।

**आवेदन शुल्क**
उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 25 रुपये का भुगतान करना होगा। महिला/एससी/एसटी/बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों को शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। शुल्क का भुगतान एसबीआई की किसी भी शाखा में नकद या किसी भी बैंक की नेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करके या वीजा/मास्टर/रुपे/क्रेडिट/डेबिट कार्ड/यूपीआई भुगतान का उपयोग करके किया जा सकता है। इस भर्ती के लिए आवेदन करने के चरण आधिकारिक वेबसाइट upsconline.nic.in. पर जाएं।
होम पेज पर “ONLINE RECRUITMENT APPLICATION (ORA) FOR VARIOUS RECRUITMENT POSTS” वाले लिंक पर क्लिक करें।
पद के लिए आवेदन करें, विवरण भरें और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। इसके बाद, शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें। भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट ले लें।

रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसार ।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें -
संपादक, रॉयल पत्रिका,
मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड,
रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002
मोबाइल: 8058969180/9799559096

# प्रदेश के 33 सरकारी कॉलेजों के स्टूडेंट्स पढ़ सकेंगे कंप्यूटर साइंस



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश के 33 सरकारी कॉलेजों में कंप्यूटर विज्ञान विषय प्रारंभ होगा। सहायक आचार्य के 33 पद भी स्वीकृत किए हैं। कन्या महाविद्यालय में कन्या महाविद्यालय अलवर, डूंगरपुर और उदयपुर में कोर्स शुरू होगा। को-एजुकेशन में गवर्नमेंट कॉलेज जयपुर, अजमेर, बांसवाड़ा कॉलेज, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, डूंगर कॉलेज बीकानेर, बूंदी, पी जी कॉलेज चित्तौड़गढ़, लोहिया कॉलेज चूरू, राजकीय कॉलेज दौसा, धौलपुर, हनुमानगढ़, राजकीय कॉलेज जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, पी जी कॉलेज झुंझुनू, जोधपुर, करौली, कला महाविद्यालय कोटा, नागौर, पाली, पी जी कॉलेज प्रतापगढ़, कॉलेज राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही राजकीय कॉलेज श्रीगंगानगर व टोंक में यह विषय शुरू होगा।

# मगरमच्छ का रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। इको रेस्क्यूअर्स फाउंडेशन व वन विभाग कि टीम ने जमवारामगढ़ क्षेत्र के हवा ओडी से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर रामगढ़ बांध की मोरी में छोड़ा। रविवार को संस्था को मगरमच्छ को हवा ओडी में बने सूखे गड्ढे में गिरे होने की सूचना मिली। संस्था व वन विभाग की टीम ने मिलकर ओडी में बने गड्ढे में गिरे लगभग 8 फीट लंबे मगरमच्छ को निकाला और उसके प्राकृतिक आवास रामगढ़ बांध की मोरी में छोड़ दिया। रेस्क्यू में वन विभाग की तरफ से वनपाल पप्पू लाल मीणा एवं अमर सिंह थे। संस्था की तरफ से डॉ. गौरव चौधरी, लक्ष्मण वर्मा, कार्तिक मुहाल, छोटूलाल एवं चिन्मय उपस्थित थे।

## यासीन एवं दशरथ को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा





बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रा.उ.मा.वि. सालारिया कलां के अध्यापक यासीन मोहम्मद छीपा व दशरथ सिंह कानावत को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवॉर्ड से राधा कृष्णन मैनन भवन दिल्ली में 8 सितंबर को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के प्रथम उप राष्ट्रपति परमानंद झा होंगे।

## 3 महीने में ही सड़क ने दम तोड़ दिया

**इकबाल शाह**

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। बनेड़ा से कोटडी, बीगोद होकर नंदराय तक 39 ए एस स्टेट हाईवे पर बनाई जा रही सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो रही है। सड़क निर्माण का काम पूरा नहीं होने की बावजूद भी सड़क की ऐसी दुर्दशा हो रही है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। जयपुर कांकरोली स्टेट हाईवे रोड पर स्थित कंकोलिया चौराहा कुछ ही दूरी पर सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए और डामर उखड़ चुकी है।



कंकोलिया ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि बनेड़ा से 39 ए एस एस स्टेट हाईवे पर बनाई जा रही सड़क पर घटिया निर्माण सामग्री होने से सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है डामर उखड़ चुका है । ऐसे गड्ढे का स्थानों पर देखने को मिल जाएंगे। लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री को रोकने की मांग की है। साथ ही अच्छी क्वालिटी की निर्माण सामग्री उपयोग में लेने की मांग की है।

## पैगंबर साहब की शान में गुस्ताखी करने एवं बालोतरा में मुसलमानो के विरुद्ध आव्हान करने के खिलाफ बारां में धरना प्रदर्शन




बारां (रॉयल पत्रिका)। अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी जिला बारा की ओर से अंजुमन चौराहा बारां पर अजीमुश्शान एहतजाजी मुज़ाहिरा सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी की सदारत में 23 अगस्त 2024 शुक्रवार को किया गया। प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया की प्रोग्राम में हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित रहा । प्रोग्राम की शुरुआत हाफिज अनस ने तिलावत ए कुरान से की मोहम्मद अशफाक ने नातिया कलाम पेश किया । मौलाना मोहम्मद इम्तियाज , मौलवी मोहम्मद सलमान, हाजी वसीम अहमद और अब्दुल मतीन ने अपने विचार व्यक्त किए । सभी ने मोहम्मद साहब की जीवन शैली को अपने अंदर उतारने का आवाहन किया । अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी के सदर अहतशाम उद्दीन सिद्दीकी ने अपने विचार व्यक्त कर दोनों ज्ञापन पढ़ कर सुनाये । ज्ञापन में राम गिरी के विरुद्ध राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने और उसे फांसी की सजा देने तथा बालोतरा वाले बाबा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की गई । बाबा राम गिरी के विरुद्ध ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति और बालोतरा के बाबा के विरुद्ध ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर बारां के प्रतिनिधि उपखंड अधिकारी दिव्यांशु शर्मा को दिया गया । बालोतरा वाले बाबा के खिलाफ एफ आइ आर थानाधिकारी कोतवाली बारां रामविलास मीणा को दी गई । प्रोग्राम के दौरान वृत्ताधिकारी ओमेंद्र शेखावत, थाना अधिकारी रामविलास मीणा पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे प्रोग्राम का संचालन अंजुमन इत्तिहाद ए बाहमी के जनरल सेक्रेटरी आबिद हुसैन अंसारी ने किया अंत में अब्दुल अजीज उर्फ अज्जु भाई ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## झालावाड़ नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी से मूलभूत सुविधा से वंचित शहर वासी

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका)। शहर स्थित चिकित्सालय के पीछे वार्ड नं. 7 स्थित मानसरोवर कोलोनी आवासीय कन्वर्ट होने के बावजूद भी नाली व सड़क निर्माण को तरस तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

इस संबंध में भारतीय समाज सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दिव्यांग नेता फिरोज खान वारसी ने बताया की शहर के वार्ड वासी



रही है ।

यहा सड़क एवं नाली निर्माण नहीं होने से दुर्दशा हो रही है। यहां राहगीर पैदल भी नहीं निकल सकते है। कोलोनी वासी द्वारा नगर परिषद प्रशासन को कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। परंतु अभी परेशान है, और मूलभूत सुविधाओं का समय पर लाभ नहीं मिल रहा है। इस कारण सरकार की छवि धूमिल हो रही है। आखिर आम जनता को कब राहत मिलेगी और कब समाधान होगा ये एक जांच का विषय है ।

## युवक को ब्लेकमैल कर झुठा मुकदमें मे फंसाने के प्रकरण में महिला गिरफ्तार

**मोहम्मद अली मंसूरी**

भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका)। राजन दुष्यन्त (आई। पी। एस। ) जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विमल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय व अषोक जोषी वृत्ताधिकारी शहर के सुपरविजन में गजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना प्रतापनगर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 24। 07। 2024 को प्रार्थी दिलीप सिंह ने थाना प्रतापनगर पर एक रिपोर्ट पेश की कि मेरे मित्र की बहन सुनिता से मेरी जान-पहचान हुई एवं सुनिता मुझे मोबाईल पर कॉल करने लगी। एक दिन सुनीता ने मुझे चन्द्रशेखर आजादनगर में उसके मकान पर बुलाया व नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और मेरे अश्लील फोटो व विडियो बना लिये व मुझ ब्लैकमेल कर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकियां देने लगी। इस प्रकार सुनिता व उसके भाई नंदकिषोर द्वारा मेरे से 10 लाख रूपये ऐंठ लिये तथा बार-बार मुझे और पैसे देने के लिये परेषान करने लगे। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 512/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया जाकर अभियुक्ता सुनिता ढोली को गिरफ्तार किया गया।



गठित टीम के सदस्यः- गजेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना प्रतापनगर, राजेन्द्रपाल सिंह सउनि थाना प्रतापनगर, राधाकृष्ण सउनि थाना प्रतापनगर, बृजमोहन कानि 2245 भीलवाडा, महेन्द्र कुमार कानि 2084 थाना प्रतापनगर भीलवाडा, श्रीमति सुमन महिला कानि, नम्बर 867 थाना प्रतापनगर ।

## जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में डोल मेला आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

### -14 सितम्बर को होगा डोल मेले का शुभारम्भ




बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिले में डोल मेला 2024 के तहत मूलभूत सुविधा, चिकित्सा सेवा, कानून, शांति व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में डोल मेला पर्व व जलझूलनी एकादशी पर शोभायात्रा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था, शौभायात्रा मार्ग पर सड़कों की मरम्मत, विद्त के झूलते तार को कसने, केबल के तार को ऊंचा करने, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड, पार्किंग व्यवस्था, अखाड़ों का समय निर्धारण, वॉलंटियर्स की सूची आदि के संबंध में हितधारकों से विस्तृत चर्चा करते हुए सुझाव आमंत्रित किए गए।

जिला कलक्टर ने कहा कि डोल मेला पर्व प्रतिवर्ष की भांति जिले में आपसी सौहार्द्व व सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। डोल मेला शोंभायात्रा के मार्ग में देव विमानों एवं अखाड़ों के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। डोल मेला पर्व के तहत आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की आगंतुकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार कोइ झूला बिना एनओसी के न लगे। साथ ही, पर्याप्त मात्रा में चिन्हित स्थानों पर फायर ब्रिगेड तथा एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था हो। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पैनी नज़र रखने के लिए मेले में चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी भी लगवाए जाए।

पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने कहा कि डोल मेला पर्व के तहत पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था संबंधी समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। इन व्यवस्थाओं की पालना के लिए सभी अखाड़ों सहित आमजन का सहयोग अपेक्षित रहेगा। एएसपी राजेश चौधरी ने कहा कि अखाड़ों के संचालक समय की पालना करते हुए शोंभायात्रा मार्ग में आगे बढ़ेंगे तो समयबद्ध रूप से शौभायात्रा पूर्ण हो सकेगी।

नगर परिषद आयुक्त सौरभ जिंदल ने बैठक में बताया की मेला स्थल के आस पास लगभग 160 चौपहिया एवं 500 दुपहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की गयी है। डोल तालाब पाल तेजाजी चबूतरे के पीछे से मजार तक फ्लोरिंग कार्य प्रगतिरत है, जहां इस वर्ष प्रथम बार चाट चौपाटी स्थापित करवायी जा रही है। चौपाटी के समीप ही प्रथम बार दुपहिया वाहनों की पार्किंग विकसित की जाएगी। सभी पार्किंग स्थलों पर मे इस वर्ष प्रथम बार नगर परिषद द्वारा सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जाएगी। आगजनी घटना इत्यादि से बचाव के लिए नगर परिषद के दमकल वाहन तालाब की पाल पर ही उपलब्ध रहेगें।

बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों ने भी सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नगर परिषद् सभापति श्रीमती ज्योति पारस, डोल मेला अध्यक्ष योगेंद्र मेहता, विभिन्न विभागों के अधिकारी, तथा मेला आयोजन के हितधारक संगठनो के सदस्य उपस्थित रहे।

## किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने ली अधिकारियों की बैठक

### -किसानों के हित के लिए विभागीय योजनाओं की समीक्षा

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने सर्किट हाउस में कृषि,उद्यान,पशुपालन, केवीके व कृषि विपणन आदि विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों के हित में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की एवं विभागीय अधिकारियों व कृषकों से विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कियान्वयन संचालन के लिये सुझाव प्राप्त किए। किसानों को विभागीय योजनाओं का समय पर अधिक से अधिक कृषकों को लाभानिवत करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया इस मौके पर वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके अध्यक्ष दयानन्द, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. सुरेश कुमार, उपनिदेशक कृषि एसीटी आबूसर डॉ. विजयपाल कस्वां, उपनिदेशक उद्यान उत्तम सिंह सिलायच, सहायक निदेशक उद्यान शीशराम जाखड़, सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. रोहिताश कुमार, सहायक निदेशक कृषि चिड़ावा डॉ. रणवीर सिंह पूनियां, सहायक निदेशक सुमन मांजू, सहायक निदेशक कृषि विस्तार सविता, कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार, कृषि अनुसंधान अधिकारी सुलोचना, कृषि उपज मंडी प्यारेलाल, आदि ने भाग लिया। समीक्षा बैठक के बाद में किसान आयोग राजस्थान सरकार जयपुर के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने कृषि विज्ञान केन्द्र आवूसर आबूसर का भ्रमण किया ।



## कमांडो ने इंदौर प्रवास के दौरान भारतीय क्रिकेटर आवेश खान से की मुलाकात

किशनगंज (रॉयल पत्रिका)। भारतमाता कॉलेज के चेयरमैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ मजीद मलिक कमांडो ने इंदौर प्रवास के दौरान अपनी बेटी नवीदा मलिक के आवास पर भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी आवेश खान से मुलाकात



कर चाय पर चर्चा की। डॉ मजीद मलिक ने परिवार के साथ आवेश खान का माला पहनाकर स्वागत किया।मुलाकात के दौरान क्रिकेटर आवेश खान ने डॉ मजीद मलिक से अपने अनुभव साझा किए तथा भारतीय क्रिकेट टीम व खिलाड़ियों के आपसी प्रेम सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उनकी पत्नी निशा मलिक, बेटी नवीदा मलिक, दामाद शाहरुख खान सहित परिवार के लोग मौजूद रहे।

## मस्जिद श्योपुरियांन अंसारी की गोठ संपन्न




बारां (रॉयल पत्रिका)। । पंचायत श्योपुरियांन अंसारी द्वारा मस्जिद श्योपुरियांन की कूपन गोठ का आयोजन रविवार 25 अगस्त 2024 को जमात खाना श्योपुरियांन में आयोजित किया गया। पंचायत के सदर अब्दुल अजीज अंसारी, नायब सदर लईक अहमद अंसारी, सेकेट्री सद्दाम हुसैन अंसारी, खजांची हाजी इकबाल अंसारी, मस्जिद सदर रईस अहमद, मदरसा सदर शहादत अंसारी, अब्दुल हक हक्का भाई, शौकत अंसारी, पूर्व सदर हाजी अब्दुल हसीन, वरिष्ठ सदस्य मास्टर मुजीबुर्रमान, शफकत भाई, मास्टर शौकत अंसारी, पार्षद असलम कालू, अल्ताफ मास्टर टायर, इफ्तिखार अंसारी (एम आर), नईम भाई टेलर, अशफाक भाई, सलामत अंसारी, रईस नेता सहित पंचायत के जिमीदारों ने बारां शहर सहित मांगरोल, इटावा, खतौली, श्योपुर, पंडोला, बड़ौदा, अंता व अन्य स्थानों से आए अंसारी समाज के जिम्मेदारों का माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस्तकबाल के दौरान मंच का संचालन मास्टर ईमाम असलम अंसारी ने किया।

## हजरत ईमाम हुसैन की याद में निकाले 40वें के ताज़िए



बारां (रॉयल पत्रिका)। हजरत ईमाम हुसैन की शहादत की याद में निकलने वाले 40वें के ताज़िए का जुलूस रविवार को शहर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाला गया। संयोजक अब्दुल रहमान (बाबा) व लाइसेंस धारी मोईन बाबा ने बताया की रविवार दोपहर 1 बजे ताज़िए अपने मुकाम से उठा कर दरगाह बाबा मरदान गैब साहब पर पहुंचे।जहां पर बाकी के ताजियों के आने का सिलसिला जारी रहा। कमेटी के इकबाल रीगल व इरफान खान अशरफी ने बताया की शाम 4 बजे दरगाह से सभी ताज़िए रवाना होकर प्रताप चौक, धर्मादा चौराहा, अंजुमन चौराहा होते हुए मेला ग्राउंड स्थित कर्बला पहुंचे। रास्ते में युवाओं ने अखाड़े के हैरतअंगेज करतब दिखाए। जुलूस में अफसर राईन, सद्दाम भाई, सादिक राईन, अली राईन, हुसैन मोहम्मद, शाहिद हुसैन ने व्यवस्थाएं देखी। ताज़िए के जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रास्ते में जगह- जगह शरबत की सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया। मेला ग्राउंड पहुंचने के बाद ताजियों को ठंडा करने के लिए कर्बला ले जाया गया।

## हजरत गैबी पीर रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने पर दिखी गंगा जमुनी तहज़ीब

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सैयद गरीबुल्लाह शाह उर्फ गैबी पीर साहब का उर्स 1 साल में 4 बार मनाया जाता है, जयपुर के आमेर इलाके में सागर रोड़ स्थित सैयद गरीबुल्लाह शाह उर्फ गैबी पीर रहमतुल्लाह अलैह का अस्ताना गंगा जमुना तहज़ीब की मिसाल पेश करता हुआ।जहां सभी धर्मो वह वर्ग और समाज के लोग अपनी मन्नत मुरादे लेकर पहुंचते हैं और उनकी मन्नते मुरादे पूरी होती है।

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की




जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। विश्वविद्यालय नैक एक्रिडिएशन के लिए तेजी से प्रयास करे गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता बने - राज्यपाल

जोधपुर (रॉयल पत्रिका) । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करे। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय राज्य बनाना है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को डीआरडीओ सभागार में जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली।

साथ ही, इसको और कैसे बेहतर किया जा सकता है के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बनें। बैठक में एम बी एम विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजय कुमार शर्मा, महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कुसुमलता भंडारी, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, मेडिकल विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति डॉ. एम के आसेरी सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## इन्साफ आजाद को दी जन्मदिन की बधाइयाँ



कोटा (रॉयल पत्रिका)। इंजि. इंसाफ आजाद के निजी सचिव हरीश कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इंजि० इन्साफ आजाद एडवोकेट – सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग एवं प्रभारी – गुजरात के जन्मदिन के अवसर पर निजी आवास पर एक सादा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर इंजि० इन्साफ आजाद को पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाइयाँ खिलाकर जन्मदिन की बधाईयाँ दी। इंजि. इन्साफ आजाद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में समाज सेवी मोहम्मद रिजवान खान, पीसीसी सदस्य यशवंत चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, अब्दुल फरीद, जहीर अहमद (डॉ.मौला), गुल मोहम्मद अंसारी, महावीर काबरा, रविन्द्र जीत सिंह भाटिया, आलोक शर्मा, मोईन खान, रमीज़ खान, रियाज बेहलिम, मुबारिक खान, अब्दुल सत्तार, दानिश खान सहित आदि गणमान्य व्यक्तियों ने उक्त जन्मदिन कार्यक्रम में शिरकत की ।

### आम व खास सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं डॉ. अब्दुल रऊफ तोहिद आम व खास को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र मोहम्मद फिरोज़ तोहिद एवम पुत्र वधु नाहिद तोहिद को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सन जनवरी सन 2024 में मेरा दोनों से कोई रिश्ता नाता नहीं है। अगर इनसे कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का स व्यवहार करता है तो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी, सूचित रहे ।

दिनांक- 26/08/2024

वालिद<br>
डॉक्टर अब्दुल रऊफ तोहिद<br>
रामगंज मण्डी रोड, पोस्ट सुकेत<br>
जिला कोटा राज०<br>
पिन कोड - 326530

# नागौर में पैगंबर साहब को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, कार्यवाही की मांग

**मोहम्मद रफीक**

नागौर (रॉयल पत्रिका) । मामला महाराष्ट्र के नासिक से जुड़ा है, जहां पर रामगिरी महाराज द्वारा पैगंबर साहब को लेकर की गई अशोभनीय टिप्पणी का विरोध मुस्लिम समाज सहित लोगों में देखने को मिल रहा है जिसके खिलाफ मुकदमे अलग-अलग स्थान पर दर्ज हो चुके हैं परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी बनी हुई है। इसी को लेकर आज मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमें राम गिरि महाराज के खिलाफ कार्यवाही करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी धर्म के लोगों द्वारा नहीं की जाए जो कि किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाएं, इस बात को ध्यान में रखते हुए इनको पाबंद करने और कानून के मुताबिक कार्रवाई करने की मांग राष्ट्रपति से की है।

वहीं ज्ञापन देने आए लोगों में मौजूद मौजीज और वृद्ध लोगों द्वारा कहा गया की एक हिंदुस्तान के शांति और सौहार्द को बिगड़ने की लगातार साजिश की जा रही हैं, जो कि किसी भी मजहब के लिए बर्दाश्त करने लायक नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कठोर कानून बनाया जाए ताकि किसी भी धर्म से जुड़े लोग इस शांति को खत्म करने की हिम्मत ना कर सके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाकर कार्यवाही करने और सजा का प्रावधान देश के राष्ट्रपति और सरकार द्वारा किया जाना जरूरी है, ताकि भारत में सभी धर्म के लोग आपसी शांति और सद्भावना के साथ रह सकें ।

देश के वर्तमान हालातो को देखते हुए चिंता जाहिर करते हुए कठोर कानून के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। ताकि अमन चैन के साथ सभी भारत में रह सके और देश की सुंदरता कायम रह सके।शहर काजी मेराज उस्मानी बड़े पीर सज्जादानशीन सैयद सदाकत जिलानी, उपसभापति सदाकत सुलेमानी बासनी, चेयरमैन प्रतिनिधि तारीक दिलवाले, सुफी साहब दरगाह के सदर हाजी शमशेर खान, समाजसेवी जावेद गौरी, तारिक गौरी, मौलाना अबू बकर, डॉ अमजद इकबाल ,चंद जी लोहार, सदर साकिर खान, कांग्रेस नेता दिलफराज खान, पूर्व सरपंच शौकत बासनी, सरपंच हमीद खां, पूर्व सरपंच मुमताज खां, टाक पार्षद साले मोहम्मद, आरएलपी नेता अनवर चौहान, पूर्व पार्षद तौफीक राजा, पूर्व पार्षद गुलाम हुसैन, अब्दुल हमीद गौरी, उमेद खान, आरीफ गौरी, तबरेज खान, हारून मुल्तानी, मुशर्रफ अंसारी, फारूक अंसारी, हैदर मुबलीक, राजु खान, शमशेर खां, मुफ्ती रमजान मुल्तानी रहे ।



# झण्डे की रस्म के साथ बाबा सैय्यद अहमद अली शाह का 107वाँ उर्स का हुआ आगाज

नागौर (रॉयल पत्रिका)। वक्फ कमेटी दरगाह बाबा सैयद अहमद अली शाह (रह.) किले की दाल, नागौर के सदर शाकिर खान चौहान ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुत्तबुल आशकीन बाबा सय्यद अहमद अली शाह मस्त रह. अलैह, किले की ढाल, नागौर का 107वां उर्स दिनाँक 23.08.2024 से 28.08.2024 तक मनाया जा रहा है। दरगाह कमेटी और सहयोगियों ने उर्स की सभी तैयारी पूरी करली हैं जिसमें उर्स में बाहर से आने वाले जायरीनों के ठहरने व लंगर का इंतेज़ाम किया गया हैं। दिनांक 23 अगस्त को सुबह 4 बजे गुस्ल शरीफ व बाद नमाज असर संदल शरीफ हुआ। दिनांक 24.08.2024 से 27.08.2024 तक रोजाना सुबह कुरआनख्वानी व रात को महफिले समां होगी। दिनांक 27 अगस्त को बड़ा उर्स बाद नमाज असर तबर्रुकात देग होगी और भारत के मशहूर कव्वालों द्वारा कव्वाली की महफिले समां होगी जिसमें मशहूर कव्वाल पार्टीयाँ अदनान अजीम नाजा कव्वाल पार्टी हमीदपुर (यू. पी.), शौकत अन्दाज एण्ड पार्टी जोधपुर व शरफुद्दीन नईमुद्दीन कव्वाल पार्टी नागौर आयेंगे और रोजाना रात्री को महफिले समां होगी व 28.08.2024 को बाद नमाजे जोहर समा फातिहा और कुल शरीफ होगा।



इसी उर्स के मौके पर दिनांक 23 अगस्त 2024 बाद नमाजे असर को मरहूम अहमद मुल्तानी के पौते सलीम लजवान मुल्तानी द्वारा दरगाह पर झण्डा चढ़ाकर उर्स का आगाज किया उनके साथ दरगाह सदर शाकिर खाँ चौहान, सलीम खाँ भाटी, खाजिन पन्ने खाँ मलकान, सचिव सैयद अख्तर अली, विनोद बोड़ा, हाजी इकबाल लौहार, ईकबाल, दिलशाद गौरी, आबिद हुसैन लजवान, सलीम लजवान, नजीर लजवान, असलम लजवान, शब्बीर लजवान, बशीर लजवान, सद्दाम लजवान, रमजान लजवान, हाजी शकूर भट्टी, हाजी आशिक हुसैन, इब्राहीम भट्टी, बरकत हुसैन, नब्बी बक्ष, फिरोज भाई मिर्जा, ईदरीस, सत्तार भाई, वहीदूदीन लौहार व अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# फ्रंट ऑफ पैकेट लेबलिंग विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

प्रतापगढ़ (रॉयल पत्रिका)। स्वयं सेवी संगठन कट्स इंटरनेशनल द्वारा शनीवार को ए.पी. सी. कॉलेज प्रतापगढ़ में 'फ्रंट ऑफ पैकेट लेबलिंग" विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर कट्स इंटरनेशनल जयपुर के एसोसिएट डायरेक्टर दीपक सक्सैना ने बताया कि फ्रंट ऑफ पैकेट लेबलिंग का मुख्य उद्देश्य यह हैं कि खाद्य पदार्थों के पेकेट में विद्यमान vस्वास्थ्य के लिए हानिकारक अवयवों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक व सचेत करना हैं ताकि उपभोक्ता वस्तु का उपभोग करने से पूर्व सही ढंग से उन उत्पादों की पहचान कर सके जिनमें चीनी, वसा और नमक की मात्रा अधिक होती है। सक्सैना नें अपने दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं के खरीदने के दौरान वस्तु के उत्पादन दिनांक, एक्सपायरी डेट एवं मुल्य अवश्य देखेने की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय के नर्सिंग ट्यूटर अर्जुन प्रजापत नें "गैर संचारी रोग" विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में मोटापा, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बिमारियों का बढ़नें का प्रमुख कारण आपने दैनिक जीवन में चीनी, वसा और नमक की मात्रा में सेवन करना है। उन्होने हृदय रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में जन समुदाय में और अधिक जागरूकता लाने की आवश्यकता जताई कार्यक्रम के आरंभ में कट्स मानव विकास केन्द्र के केन्द्र समन्वयक गौहर महमूद नें स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ए.पी.सी. केलेज के प्रिंसीपल संजय गील, प्रेफेसर पंकज कुमार शर्मा, कट्स के कार्यक्रम अधिकारी राजदीप पारीक, गोवर्धनलाल पारीक नें भी विचार व्यक्त किये।




इस अवसर पर स्कूली बच्चों सहित 80 से अधिक सहभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मदनगिरी गोस्वामी नें किया व आभार मदनलाल कीर ने जताया।

# सज्जादानशीन पीर अब्दुल बाकी चिश्ती का इंतकाल

**मोहम्मद रफीक नागौर**

नागौर (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय स्थित हजरत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी दरगाह के सज्जादा नशीन पीर बाकी अब्दुल चिश्ती सुलेमानी का शनिवार को इंतकाल हो गया। सज्जादा नशीन के इंतकाल की सूचना मिलने पर उनके मुरीदेन में शोक की लहर फैल गई। शनिवार शाम को असर की नमाज के बाद




उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक किया गया। एडवोकेट शहाबुद्दीन खान बताया कि सज्जादानशीन पीर अब्दुल बाकी चिश्ती 74 वर्ष के थे और स्वास्थ्य कई दिन से सही नहीं था। नायब सज्जादा नशीन मोहम्मद सूफी जमाल अख्तर ने बताया कि शनिवार शाम को असर की नमाज के बाद दरगाह हजरत सूफी हमीदुद्दीन नागौरी परिसर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। रविवार सुबह 9 बजे मोहम्मदपुरा स्थित उनके निवास स्थान के समक्ष मोहम्मदिया मस्जिद में फूलों की फ़ातिहा हुई ।

# मदरसा पीर की जाल के बच्चों ने पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

मोहम्मद अब्बास

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलो मीटर दूरी पर स्थित दरगाह हजरत मख्दुम पीर डाडा अब्बनशाह रे.अ. के आस्ताने पर दारूल उलुम फैजे सरवरी उच्च प्राथमिक विद्यालय पीर की जाल में मदरसा के बच्चों ने एवं नाजिमें आला खलीफा मोहम्मद बक्ष ने हरियालों राजस्थान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मदरसा के नाजिमें आला खलीफा मोहम्मद बक्ष ने पर्यावरण सरंक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्षों की कमी के चलते पृथ्वी पर कई तरह की आपदाएं आ रही है। इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग के चलते मृथ्वी का तापमान भी साल-दर-साल बढ़ रहा है। ऐसे ही हालात रहे तो आने वाले समय में पृथ्वी पर प्राणी मात्र का संकट में रहेगा। उन्होंने उपस्थित विधार्थियों व युवाओं को आह्वान किया कि वे अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक पौधारोपण करे। मौलाना मीर मोहम्मद गुलजारी ने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है। वृक्षो को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। जिससे पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पर्यावरण संरक्षण करना मानव मात्र का नैतिक कर्तव्य है। मदरसा परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। मौलना हाशम दल



अकबरी, मौलाना हाजी इस्माईल साहब, मौलाना अब्दुल सतार साहब, कारी मुबारक हुसैन सरवरी, अध्यापक हुसैन खॉ, अध्यापक रमेश खॉ, अध्यापक रूस्तम खॉ सहीत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास में वृद्धि होती है - मुस्ताक खान

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पोटी मैं वीर बिगामल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसके मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश सचिव मुस्ताक खान ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढुकिया ने और कार्यक्रम के वशिष्ठ अतिथि प्रभु खींचड़, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संदीप नेहरा, गुलजार खान व अमजद खान थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुस्ताक खान ने कहा की इस प्रकार के आयोजन



से आपसी सोहार्द -भाईचारा बढ़ता है तथा शारीरिक और मानसिक विकास में वृद्धि होती है। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद पूनिया, प्यारेलाल भाकर, आरिफ खान, राजू सिंह, मांगीलाल राहड, महावीर ,विकास ,राकेश, सहित अनेक ग्रामीणों ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। उद्घाटन मैच पोटी व जयपुर के मध्य खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में पोटी ने जयपुर को पांच अंको से हरा कर पहला मैच जीता। कार्यक्रम का संचालन सुनील भाकर ने किया।


# उदयपुर जिंक सिटी में होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**-29 सितंबर को पहली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की हिंदुस्तान जिंक करेगा मेजबानी**

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। कुपोषण से बचाव के संदेश के साथ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन उदयपुर में 29 सितंबर को आयोजित करेगा।

एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन और डिस्टेंस रेस के आधिकारिक सदस्य के रूप में, इस आयोजन को एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक स्तर पर सूचीबद्ध मैराथन है, जो वैश्विक मंच पर इसके महत्व को बढ़ाता है। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का मुख्य आकर्षण इसका लुभावना मार्ग होगा जो अरावली पर्वतमाला के मध्य स्थित फतेह सागर झील के चारों ओर है।

प्रतिभागी उदयपुर की समृद्ध विरासत के साथ रूबरू होगें जिसमें महाराणा प्रताप स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्मारकों, सहेलियों की बाड़ी और नीमच माता मंदिर पहाड़ी से गुजरेगा। हाफ मैराथन 21 किलोमीटर, कूल रन 10 किलोमीटर, और ड्रीम रन 5 किलोमीटर की होगी। यह आयोजन दुनिया भर के पेशेवर और शौकिया धावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।




जिंक सिटी,उदयपुर अपनी पहली मैराथन की मेजबानी कर रहा है। यह कार्यक्रम शरद ऋतु के आगमन के साथ पोषण माह में होगा जो कि सरकार के कुपोषण मिटाने के अभियान में हिन्दस्तान ज़िंक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए।

# जोधाणा जागरूक मंच संस्थान ने किया युवा मंच का गठन

**-अकरम अध्यक्ष, समीर बेलिम सचिव और सोहेल सहसचिव नियुक्त**



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। संस्था के संस्थापक साजिद खान ने बताया कि नवीन जोधाणा जागरुक मंच संस्था की ओर से युवा मंच का गठन किया गया जिसमें मोहम्मद अकरम सांखला को अध्यक्ष, साजिद इंजीनियर, शाहरुख खान को उपाध्यक्ष, समीर बेलिम को सचिव, मोहम्मद इमरान को कोषाध्यक्ष, समीर खान सोशल मीडिया प्रभारी, मोहम्मद सोहेल जिन्दरान सहसचिव, अशफाक कुरैशी प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया और सभी नियुक्त पदाधिकारीयो को माला और तिरंगा मफलर पहनाकर स्वागत किया । इस मौके पर मोहम्मद अकरम ने अपनी पूरी युवा टीम के साथ संकल्प लिया कि वह जोधाणा जागरूक मंच संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और संस्था को आगे बढ़ाने का काम करेंगें। मोहम्मद साजिद ने कहा कि सामाजिक कुरीतिओं के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।समाज में बढ़ते पाखंड और कुरीतिओं को रोकने के लिए युवाओं से आगे आने की अपील की गई । इमरान कुरैशी और सिराजुद्दीन ने बताया कि इस मौके पर जोधाणा जागरूक मंच संस्थान के सदस्य साजिद खान, मोहम्मद इरफान कुरैशी, नसीम अली, उमर सांमरिया, मोहम्मद हमीद, इमरान कुरैशी, शकील अहमद, मोहम्मद हारून, राजु खान, हैदर अली, सिराजुद्दीन, आरिफ राठौड़, नेक मोहम्मद, शेर मोहम्मद, इफ्तिखार खान, मोहम्मद यासीन, शौकत कुरैशी, एडवोकेट अब्दुल खालिद, एडवोकेट कलाम गोरी, एडवोकेट मोहम्मद वसीम, युसूफ लोहानी, आसिफ कुरैशी, मोहम्मद सनवर, मोहम्मद सलीम, बादशाह खान, मोहम्मद यासीन अंसारी, मोहम्मद इमरान, जमाल खान, आसिफ नुरी, नासिर हुसैन, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद शाकिर, अराफात पठान, नईम खान, उस्मान, इमरान सोलंकी, मोहम्मद समीर आदि उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज ने रामगिरी महाराज के खिलाफ की कार्यवाही की मांग, निकाला मौन जुलूस

पाली (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम समाज द्वारा शुक्रवार को दोपहर महाराष्ट्र के रत्ना गिरी के महाराज रामगिरी द्वारा इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने के विरोध में जिला मुस्लिम समाज के सदर मोहम्मद हकीम व मसाजिद आइमा के सदर मौलाना मुश्ताक अहमद कादरी के नेतृत्व में पाली शहर के मुस्लिम समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों व मुस्लिम समाज के लोगो ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर पाली व पुलिस अधीक्षक पाली को एक ज्ञापन दिया व जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट को एक एफ आई आर रत्नागिरी के महाराज रामगिरी के खिलाफ पेश कर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की।



जिला मुस्लिम समाज के प्रवक्ता शक़ील अहमद नागौरी ने बताया की जिला मुस्लिम समाज सदर मोहम्मद हकीम व मसाजिद आइमा के सदर के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोग कादरिया चौक में इकट्ठे हुए जहां से पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ रामगिरी महाराज द्वारा प्रयोग किए गए अपशब्दों की कड़ी निंदा करते हुए मुस्लिम समाज की भावनाओं को आहत करने वाले रामगिरी महाराज के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा एक मोन जुलूस हाथों में तख्तियां लेकर निकाला गया जो अहिंसा सर्कल होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचा।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोगो ने नेतत्व करते हुए इस प्रकार की घटनाओं पर आक्रोश जताया और कड़ी निंदा करते हुए वक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति से महाराज रामगिरी के खिलाफ देश मे साम्प्रदयिक सद्भावना खराब करने व किसी भी धर्म के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर किसी धर्म के अनुनायियों की भावनाओं को आहत करने व देश मे भाईचारे के प्रयासों को खत्म करने व इस प्रकार की बयानबाजी करके माहौल खराब करने वाले लोगो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई ।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज सदर हकीम भाई , सेकेट्री रफ़ीक गोरी , मसाजिद आइमा तंजीम के सदर मौलाना मुश्ताक अहमद कादरी , मौलाना दानिश कफील ,मौलाना ख़लील अहमद , मौलाना अब्दुल सत्तार कादरी , मौलाना इंसाफ अली ,

मुजफ्फर हुसैन फिदाई , मस्जिद मोमिनांन मौलाना शाहिद आलम , मौलाना मोहम्मद इकबाल , मस्जिद मौलाना जुनैद आलम , यूसफ़ साहब , ,हाफिज मोहम्मद इस्माइल , मौलाना अंसार अहमद फैजानी , मौलाना इदरीस रजा मौलाना मोहम्मद बशीर , मुजम्मिल हुसैन , कौशर रजा , मौलाना इस्माइल साहब , मोबिन अली , मौलाना मुबारक हुसैन मौलाना मोहम्मद इल्यास , मुस्लिम युवा फाउंडेशन अध्यक्ष मेहराज अली चूडिगर , सलीम मिस्कीन , रजा अली , हसन भाटी शक़ील अहमद नागोरी , असगर कुरेशी , ,नगरपरिषद पार्षद बाबू भाई गोरी , तालिब अली ,आमीन अली रंगरेज़ , शहजाद शेख , आसिफ भाटी , मोहसीन खत्री , इंसाफ मोयल , चोटिला सदर अमजद अली , ने जिला कलेक्टर पाली को एक ज्ञापन देकर कार्यवाही करने की मांग की जिससे देश मे अमन चैन भाईचारे की भावना बनी रहे

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं नोशाद खान , कमरुद्दीन पठान , यासीन लोहार ,जावेद जिलानी , गुलाम मुस्तफा , , मकसूद अली , यूसफ़ , शेर मोहम्मद ,कुरेशी , रमजान सामरिया , पिरीन्स गोरी , इत्यादि लोगो ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया ।

## विद्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए भामाशाहों ने की घोषणा

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नम्बर 8 राजकीय प्राथमिक विद्यालय आथूणा मौहल्ला मदीना मस्जिद के पास में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असलम खोखर की प्रेरणा से नगरपरिषद चूरू के पार्षदगणों की ओर से नगरपरिषद चूरू के उप सभापति प्रतिनिधि रमजान खां के मुख्य आतिथ्य एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान की अध्यक्षता में पाठ्य सहायक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर अली मोहम्मद पार्षद, रामेश्वर प्रसाद नायक, अजीज खां दिलावरखानी, जगदीश मेघवाल, मो आसिफ निर्वाण, विनोद खटीक, असलम खां मोयल, शिवकुमार शर्मा, खालिद कुरैशी, कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन, तौफीक खान, तारिक नागौरी, समीउल्लाह, इस्माईल भाटी, फारूक चौहान, इन्तजार खान, अखतर खां



रूकनखानी, शाहीद गौरी, अली खां मोयल सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमजान खां की ओर से धूप से बचाव हेतु दो चांदनी (शामियाना) एवं अन्य सहयोग, शिवकुमार शर्मा की ओर से विद्यालय के तीन माह के किराया स्वरूप 12000 रुपये की राशि की घोषणा की गई। जमील चौहान की ओर से चार कुर्सी, तारीक नागौरी की ओर से एक सीलिंग फैन तथा अन्य उपस्थित गणमान्य लोगो की ओर से संयुक्त रूप में एक अलमारी देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमजान खान ने कहा कि इस विद्यालय के भवन निर्माण एवं भूमि आवंटन हेतु शीघ्र ही सकारात्मक प्रयास किये जाएंगे तथा विद्यालय में जिन वस्तुओं की कमी है, भामाशाहों को प्रेरित करके संसाधनों की वो कमियां दूर की जाएंगी। अध्यक्षता करते हुए जमील चौहान ने कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है। शिक्षा के इस दूध को जो भी पीयेगा, वो दहाड़ेगा। इसलिए अपने बच्चों को उच्च शिक्षा से जोड़ें और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दें। अध्यापिका अमिता फगेड़िया, लक्ष्मी सांगवान, पार्षद प्रतिनिधि अजीज खां दिलावरखानी ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथिगणों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया।

## निशुल्क कैंप में मौसमी बीमारियों का 150 रोगियों ने लाभ उठाया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी वार्ड नंबर 15 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वीकृत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अग्रसेन नगर चुरु द्वारा नि :शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें में मौसमी बीमारीयों की निशुल्क दवा वितरण की गई और बीपी - शुगर आदि जांच की गई। लगभग 150 से अधिक रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। जिसमें डॉक्टर मनीष बाजिया, सुनीता ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर, रामकरण नर्शिंग ऑफिशियल ,संगीता महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ,निशा आशा सहयोगिनी, मैना, आदि के द्वारा कैंप में सेवाएं दी गई वार्ड के सामाजिक कार्यकर्ता सुलेमान मनियार ने कैंप के लिए लोगो को जागरूक किया और कैंप में व्यवस्थाए और सभी स्वास्थ्य कर्मियों का आभार प्रकट किया ।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अग्रवाल के बयान से मची खलबली, पायलट समर्थकों ने किया जोरदार प्रदर्शन

टोंक (रॉयल पत्रिका) । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राजस्थान प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल के राजनीतिक बयानों को लेकर यहां टोंक में उठा पटक जारी है । अग्रवाल अभी हाल ही में यहां टोंक आए थे और उन्होंने भाजपा की एक बैठक में कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की और उपचुनाव को लेकर अलग-अलग रायशुमारी भी की। उन्होंने टोंक दौरे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत भी की भाजपा की जीत को लेकर जोरदार मंथन भी किया उनका यह दौरा इसलिए भी चर्चा का विषय बन गया कि उन्होंने राजस्थान कांग्रेस के मजबूत लीडर और टोंक के विधायक सचिन पायलट के खिलाफ कुछ ऐसी बातें कह दीं जो कांग्रेस के नेताओं को बर्दाश्त नहीं हो पाईं । कांग्रेस ने उनके बयान को सचिन पायलट के खिलाफ अपमान के रूप में माना और इस टीका टिप्पणी से जुड़े बयान की कठोर निंदा करते हुए घंटाघर पर जोरदार प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हरि भाई हरि ने कहा कि पायलट 36 कौम के नेता हैं और उनके खिलाफ ऐसे ऊंचे बयान देना ओंछी मानसिकता है, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और टोंक के जिला प्रमुख रहे रामविलास चौधरी ने पायलट की लोकप्रियता को लेकर कहा कि वे राष्ट्रीय नेता हैं और उनके खिलाफ ऐसे बयान उनके क़द को कतई नुकसान नहीं पहुंचा सकते । लेकिन ऐसी बयान बाज़ी हमारे राष्ट्रीय नेता के खिलाफ हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि दरअसल भाजपा कांग्रेस से घबराई हुई है । अग्रवाल यहां शहर के कृषि ऑडिटोरियम में टोंक जिले की देवली उनियारा विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अपनी बात कर रहे थे। उन्होंने मोदी की सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि कार्यकर्ता मेहनत से चुनाव लड़ें निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की ही जीत होगी। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज़ भी किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी संबोधित किया भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ की और कहा कि सरकार बेहद अच्छा काम कर रही है। उधर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया बैठक में मंत्री कन्हैया लाल चौधरी,

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर निवाई, विधायक राम सहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदरदास, जितेंद्र गोठवाल, पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर, विजय बैसला, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, नरेश बंसल, गणेश माहुर, दीपक संगत, सहित कई नेता मौजूद थे। कुल मिलाकर अग्रवाल का यह राजनीतिक दौरा



टिकट टिप्पणी को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। अग्रवाल के खिलाफ घंटा घर पर किए गए प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता शामिल रहे । जिसमें पूर्व विधायक कमल बेरवा, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बैग, देहात अध्यक्ष कैलाशी देवी, मीणा दिनेश चोरासिया, सुनील बंसल, सलीमुद्दीन खान, हंसराज चौधरी, खालिक भाई, जरार खान, इम्तियाज़ खान, मनिंदर बेरवा, अनवर आदिल जुनीयर सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे ।















## रकमा करेगा सरकारी सर्विस में नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी ऐसोसिएशन द्वारा सरकारी सेवा में नवनियुक्त अल्पसंख्यक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह 2024 का आयोजन सितम्बर माह में किया जा रहा है। उक्त समारोह में 1 अप्रेल 2022 से 1 सितम्बर 2024 के मध्य नियुक्ति प्राप्त करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी को सम्मान हेतु योग्य माना जाएगा। अतः नवनियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से गुजारिश है कि अपने नियुक्ति आदेश एवं अन्य जानकारी रकमा के अधिकारिक ई-मेल rakmaraj@gmail.com पर आवश्यक रूप से उपलब्ध करवाने का श्रम करें। यह जानकारी राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी ऐसोसिएशन के अध्यक्ष जाहिद अली ने दी

## रूबी खान ने की राहुल गांधी से मुलाकात, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पिछले दिनों हुए संसद सत्र के दौरान राजस्थान कांग्रेस प्रदेश महासचिव एव एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूबी खान ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की तथा अल्पसंख्यकों के मुद्दों व राजस्थान के बारे में विस्तृत चर्चा की। राहुल गांधी ने इस बारे में काफी सकारात्मक रुख भी दिखाया। रूबी खान पिछले काफी समय से एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग में बतौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कार्य कर रही हैं।वे समय-समय पर अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दों जैसे शिक्षा और सुरक्षा पर चर्चा करती रहती है। रूबी खान का मानना है कि हालात बदल रहे हैं, अल्पसंख्यक समुदाय भी अपने अंदर



बदलाव लाने की कोशिश कर रहा है जल्द ही इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे












मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com